दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 13 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 174 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# अहमदाबाद में बड़ा हादसा : एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त

## विमान में सवार थे 242 यात्री एअर इंडिया ने हेल्पलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया






## गुजरात के मेघानी इलाके में प्लेन क्रैश अहमदाबाद से लंदन जा रहा था विमान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा विमान हादसा हुआ है। एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। विमान में 242 यात्री सवार थे। हादसे के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हो गया। घटनास्थल पर अग्निशमन दल की टीमें पहुंच गई हैं और राहत और बचाव कार्य जारी है।

**अहमदाबाद से लंदन जा रहा था विमान :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हुआ है, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। यह विमान बोइंग 787 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी था। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ है। ऐसे में बड़ा नुकसान होने की आशंका है। हादसे की सूचना मिलते ही गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गुजरात सीएम और अहमदाबाद के कमिश्नर से फोन पर बात की है और उनसे हालात के बारे में जानकारी ली। एअर इंडिया ने भी हादसे की पुष्टि की है और बयान में कहा है कि वे हालात की समीक्षा कर रहे हैं।

**डीजीसीए ने जारी किया बयान :** डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 10 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी।

उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की कई टीमें मौके पर भेजी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी इस विमान में सवार थे।



## हवाई हादसे में अब तक 297 लोगों की मौत की पुष्टि

### डॉक्टरों के हॉस्टल पर गिरा एअर इंडिया का विमान, इमारत पर फंसा नजर आया फ्लाइट का पिछला हिस्सा



गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट (एआई-171) 5 मिनट बाद ही क्रैश कर गई। इस विमान में 242 यात्री सवार थे जिसमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह विमान रनवे से उड़ान भरने के साथ ही एयरपोर्ट के पास बीजे मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर क्रैश हो गया जिससे इमारत में भी आग लग गई। बताया जा रहा है कि उस वक्त इमारत में मौजूद कई लोग भी इससे हताहत हुए हैं। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई।

### विमान में 169 भारतीय नागरिक सवार

एअर इंडिया ने एक बयान में बताया कि विमान में सवार 242 यात्रियों में से 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। हादसे में घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एअर इंडिया ने जानकारी देने के लिए हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया है। एअर इंडिया ने अथॉरिटीज को पूरा समर्थन देने की बात कही है। एअर इंडिया ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

अहमदाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुई। सूचना मिलने के 2-3 मिनट के भीतर ही पुलिस अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। करीब 70-80 प्रतिशत इलाका क्लीयर करा लिया गया है। सभी एजेंसियां काम में जुटी हैं।

**नागरिक उड्डयन मंत्री ने जारी किया बयान :** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने विमान हादसे पर कहा कि 'अहमदाबाद विमान हादसे की खबर से दुखी और हैरान हूं। हम अलर्ट पर हैं और मैं निजी तौर पर हालात की समीक्षा कर रहा हूं। सभी उड्डयन आपात एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समन्वय तरीके से और तेजी से कार्रवाई करें। विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

### गुजरात में प्लेन क्रैश के बाद पीएम मोदी ने की अमित शाह से बात, अहमदाबाद जाकर मदद के आदेश



गुजरात विमान हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बात की है और उन्हें अहमदाबाद जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन में हर संभव मदद उपलब्ध कराने की बात कही है। वहीं नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से बात की और अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की घटना का जायजा लिया। मंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि वे बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए अहमदाबाद जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मंत्री को निर्देश दिया है कि वे सभी आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं और स्थिति के बारे में नियमित रूप से अपडेट रहने को कहा है। सभी संबंधित एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और समन्वित प्रयास जारी हैं।

### पीएम मोदी ने जताया दुख



गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने इसे शब्दों से परे और दिल दहला देने वाला हादसा बताया। साथ ही, बताया कि वह अपने मंत्रियों व अधिकारियों से संपर्क में हैं।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने व्यक्त की संवेदनाएं



अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की दुखद खबर सुनकर बहुत दुखी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं यात्रियों और चालक दल के परिवारों के साथ हैं।

### योगी आदित्यनाथ ने दुख प्रकट किया



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी जी तथा हादसे के शिकार अन्य यात्रियों एवं चालक दल के सदस्यों का निधन अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति।

### राहुल गांधी ने जताया दुख



राहुल गांधी ने ट्वीट करके लिखा, अहमदाबाद एयर इंडिया दुर्घटना दिल दहला देने वाली है, यात्रियों और चालक दल के परिवारों को जो दर्द और चिंता हो रही होगी, वह अकल्पनीय है। कठिन क्षण में मेरी संवेदनाएँ उनमें से प्रत्येक के साथ हैं।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दुख व्यक्त किया



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आशंकाओं को खत्म करने के लिए तत्काल घटना के कारणों पर स्पष्टीकरण जारी करने की मांग की है। अखिलेश यादव ने पीड़ितों परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई है।

## सूटकेस में मिली बॉडी मामले का पुलिस ने किया खुलासा

### मारपीट के बाद देवर और ससुर ने की थी बहू की हत्या

- पुलिस ने आरोपी ससुर हरबीर, देवर सुमित और गुड्डू को किया गिरफ्तार
- सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से खोला गया केस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आखिरकार लोनी बॉर्डर और देहात पुलिस की टीम ने सूटकेस में मिली महिला की बॉडी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक महिला कविता की हत्या करने के मामले में उसके ससुर हरवीर सिंह, देवर सुमित व गुड्डू घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को बरामद किया है। पुलिस ने दावा किया है कि कुछ दिन पूर्व कविता का अपने देवर सुमित से झगड़ा हुआ था। इस झगड़े में कविता ने सुमित के थप्पड़ जड़ दिया था और यहीं वजह फिर लड़ाई और झगड़े का कारण बनी।

इस दौरान हरवीर की मौजूदगी में उसके पुत्र सुमित और गुड्डू ने कविता की हत्या की थी और फिर शव को तोड़ मरोड़ के सूटकेस में पैक किया था और लोनी इलाके में नहर किनारे शव को छोड़कर चले गए थे। पुलिस ने बताया है कि सीसीटीवी फुटेज मिली थी, जिसमें मंगलवार रात करीब 3:02 पर दो लोग बाइक पर आते हुए नजर आ रहे थे, उनका हुलिया सुमित और गुड्डू से मिल रहा था। जिसके बाद पुलिस ने नहीं से पूरी पूछताछ की। साथ ही सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है कि इस मामले में मृतका कविता के पति की भूमिका अभी साफ नजर आ रही है, इसीलिए उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### छोटा-सा घरेलू झगड़ा बना हत्या की वजह, कविता की हुई थी लव मैरिज



**करंट क्राइम :** पुलिस ने खुलासा करते हुए जानकारी दी है कि सुमित ने पूछताछ में बताया है कि उसके पिता हरवीर सिंह, मां विमलेश देवी, भाई सागर, गुड्डू, बहन शिवानी और आइशनी उम्र करीब डेढ़ साल पिछले करीब 2 साल से गली नंबर 3 करावल नगर में रह रहा था। 7 तारीख को सुमित की बहन शिवानी और उसकी भाभी कविता में झगड़ा हो गया था। इस दौरान सुमित ने कविता की गर्दन पकड़ कर बेड पर पटक दिया था, वह गिर गई, फिर दोनों हाथों से उसकी गर्दन चुन्नी से दबा दी और फिर जिस बेडशीट से सूटकेस को बांधा था उसी बेडशीट से मृतका का मुंह रखकर दम घोंट दिया था और फिर सूटकेस में डालकर इसे लोनी इलाके में ले जाकर बैहटा नहर के पास फेंका गया था। बताया जा रहा है की हत्या के पीछे घरेलू विवाद वजह बनी है। तो वहीं कविता ने लव मैरिज भी की थी।

### पुलिस ने दो किलोमीटर तक के क्षेत्र में खंगाले थे कैमरे


करंट क्राइम : इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पोस्टमार्टम के बाद सामने आया था की कविता के गले और पीठ में चोट के निशान हैं, जो बता रहा था कि कहीं ना कहीं उसकी पहले मारपीट के बाद हत्या की गई है। इस पूरे मामले में पुलिस जहां पर शव मिला था वहां से लेकर करावल नगर तक के इलाके में लगभग 2 किलोमीटर के कैमरे को गहनता से जांचा और सर्विलांस की मदद से कई अन्य सबूत भी जुट आए थे। बताया जा रहा है की कविता की लव मैरिज हुई थी और वह पंजाब की रहने वाली थी।

### पूरे परिवार से पुलिस ने की थी पूछताछ

करंट क्राइम : गुरुवार को पुलिस के अधिकारियों ने खुलासे करते हुए बताया है कि पुलिस ने हरवीर, सुमित, गुड्डू शिवानी, विमलेश देवी और सागर सभी से पूछताछ की थी और सभी के अलग-अलग बयान दर्ज किए गए थे। पूरे मामले में एसीपी अजय सिंह ने जानकारी दी है कि इस पूरे मामले में झगड़े की बात शुरूआती जांच की बात निकाल कर आई थी, जो हत्या की वजह बताया जा रहा है।

## 15 जून को नहीं आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैलाश मानसरोवर भवन

### लखनऊ में गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के चलते निरस्त हुआ गाजियाबाद का कार्यक्रम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का शुभारंभ करने के लिए पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 15 जून को गाजियाबाद में रहना था, लेकिन 15 जून को ही लखनऊ में गृहमंत्री अमित शाह पुलिस में भर्ती हुए कांस्टेबल को नौकरी मिलने के पत्र वितरित कार्यक्रम में भाग लेंगे, वह मुख्य अतिथि होंगे। इसीलिए अब इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उपस्थित रहना है, जिसके चलते गाजियाबाद में मानसरोवर यात्रा के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का उनका कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को यहां 14 जून की रात रात्रि विश्राम करना था और फिर सुबह 15 जून को कार्यक्रम में भाग लेने के बाद लखनऊ जाना था लेकिन गृहमंत्री के लखनऊ वाले कार्यक्रम की अनुमति मिलने के बाद उन्होंने यहां का कार्यक्रम कैंसिल कर दिया है।

### 25 अगस्त तक चलेगी यात्रा

करंट क्राइम : गौरतलब है, कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान लिपुलेख, उत्तराखंड एवं नाथू ला. सिक्किम के मार्ग से यात्रियों के 15 जत्थे कैलाश मानसरोवर पहुंचेंगे। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री शामिल होंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा, धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों के लिए पुख्ता प्रबंध किये गए हैं। यूपीएसटीडीसी ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से शुरू होकर 25 अगस्त 2025 तक चलेगी। तीर्थयात्रियों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने, शांति प्रदान करने तथा धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भजन संध्या का आयोजन भी होगा।

### प्रमुख सचिव पर्यटन ने कुछ दिन पहले किया था निरीक्षण

करंट क्राइम : प्रमुख सचिव पर्यटन विभाग मुकेश मेश्राम द्वारा इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन निरीक्षण किया गया था। यहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और तमाम तैयारियां का जायजा लिया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आएंगे लेकिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम फिलहाल निरस्त बताया जा रहा है।

### पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह 15 जून को हरी झंडी दिखाकर पहले जत्थे को करेंगे रवाना

करंट क्राइम। पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 जून से अगस्त के दौरान पांच वर्षों के अंतराल के बाद पुन: प्रारंभ हो रही है। कोरोना महामारी के कारण स्थगित रही इस यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 15 जून को तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग द्वारा गाजियाबाद जनपद के इंदिरापुरम में विभिन्न सुविधाओं से युक्त कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका संचालन उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा किया जा रहा है।

# अहमदाबाद में बड़ा हादसा : एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त

## विमान में सवार थे 242 यात्री | एअर इंडिया ने हेल्पलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया






## गुजरात के मेघानी इलाके में प्लेन क्रैश अहमदाबाद से लंदन जा रहा था विमान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा विमान हादसा हुआ है। एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। विमान में 242 यात्री सवार थे। हादसे के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से टेकऑफ करते ही हादसे का शिकार हो गया। घटनास्थल पर अग्निशमन दल की टीमें पहुंच गई हैं और राहत और बचाव कार्य जारी है।

**अहमदाबाद से लंदन जा रहा था विमान :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया का विमान एआई171 हादसे का शिकार हुआ है, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था। यह विमान बोइंग 787 एयरक्राफ्ट वीटी-एएनबी था। विमान रिहायशी इलाके में क्रैश हुआ है। ऐसे में बड़ा नुकसान होने की आशंका है। हादसे की सूचना मिलते ही गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गुजरात सीएम और अहमदाबाद के कमिश्नर से फोन पर बात की है और उनसे हालात के बारे में जानकारी ली। एअर इंडिया ने भी हादसे की पुष्टि की है और बयान में कहा है कि वे हालात की समीक्षा कर रहे हैं।

**डीजीसीए ने जारी किया बयान :** डीजीसीए ने बताया कि विमान में दो पायलट और केबिन क्रू के 10 सदस्यों समेत 242 यात्री सवार थे। विमान को कैप्टन सुमीत सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी।

उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। विमान हादसे के बाद बचाव और राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की कई टीमें मौके पर भेजी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी भी इस विमान में सवार थे।



## हवाई हादसे में अब तक 200 लोगों की मौत की पुष्टि

### विमान में 169 भारतीय नागरिक सवार

एअर इंडिया ने एक बयान में बताया कि विमान में सवार 242 यात्रियों में से 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। हादसे में घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एअर इंडिया ने जानकारी देने के लिए हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया है। एअर इंडिया ने अथॉरिटीज को पूरा समर्थन देने की बात कही है। एअर इंडिया ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है।

अहमदाबाद के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट डॉक्टर्स हॉस्टल पर क्रैश हुई। सूचना मिलने के 2-3 मिनट के भीतर ही पुलिस अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। करीब 70-80 प्रतिशत इलाका क्लीयर करा लिया गया है। सभी एजेंसियां काम में जुटी हैं।

**नागरिक उड्डयन मंत्री ने जारी किया बयान :** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने विमान हादसे पर कहा कि 'अहमदाबाद विमान हादसे की खबर से दुखी और हैरान हूं। हम अलर्ट पर हैं और मैं निजी तौर पर हालात की समीक्षा कर रहा हूं। सभी उड्डयन आपात एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समन्वय तरीके से और तेजी से कार्रवाई करें। बचाव टीमों को भी मौके पर भेजा गया है और चिकित्सा सुविधाओं को भी अलर्ट किया गया है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं विमान में सवार लोगों और उनके परिजनों के प्रति हैं।' राम मोहन नायडू ने बताया कि वे डीजीसीए, एएआई के शीर्ष अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## गुजरात के अहमदाबाद में क्रैश हुए विमान में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे

### अहमदाबाद विमान हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख



गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने इसे शब्दों से परे परे और दिल दहला देने वाला हादसा बताया। साथ ही, बताया कि वह अपने मंत्रियों व अधिकारियों से संपर्क में हैं। अहमदाबाद के मेघाणीनगर में हुए विमान हादसे में कई लोगों के जान गंवाने की आशंका है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है। यह हादसा गुरुवार दोपहर 1.38 मिनट पर हुआ। पीएम मोदी ने विमान हादसे को लेकर 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।''

### गुजरात में प्लेन क्रैश के बाद पीएम मोदी ने की अमित शाह से बात, अहमदाबाद जाकर मदद के आदेश



गुजरात विमान हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बात की है और उन्हें अहमदाबाद जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन में हर संभव मदद उपलब्ध कराने की बात कही है। वहीं नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से बात की और अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की घटना का जायजा लिया। मंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि वे बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए अहमदाबाद जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मंत्री को निर्देश दिया है कि वे सभी आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं और स्थिति के बारे में नियमित रूप से अपडेट रहने को कहा है। सभी संबंधित एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और समन्वित प्रयास जारी हैं।

### डॉक्टरों के हॉस्टल पर गिरा एअर इंडिया का विमान, इमारत पर फंसा नजर आया फ्लाइट का पिछला हिस्सा



गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट (एआई-171) 5 मिनट बाद ही क्रैश कर गई। इस विमान में 242 यात्री सवार थे जिसमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह विमान रनवे से उड़ान भरने के साथ ही एयरपोर्ट के पास बीजे मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर क्रैश हो गया जिससे इमारत में भी आग लग गई। बताया जा रहा है कि उस वक्त इमारत में मौजूद कई लोग भी इससे हताहत हुए हैं। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद जो तस्वीरें सामने आई हैं उसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि विमान का पिछला हिस्सा (टेल) मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल के ऊपर फंसा हुआ है। विमान के इमारत पर गिरते ही तेज धमाका हुआ और आग लग गई। इसके बाद हरतरफ धुएं का गुबार दिखाई देने लगा। हादसे के बाद डीजीसीए की टीम घटनास्थल पर पहुंच रही है जिसके बाद घटना की जांच की जाएगी। अभी विमान हादसे के बाद उसमें सवार लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है।

## 2029 के लोकसभा चुनाव में 33% महिला आरक्षण लागू कर सकती है मोदी सरकार!

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण लागू कर सकती है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जिसके तहत अगले चुनाव में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की जाएंगी। सरकारी सूत्रों ने बताया, ह्लजनगणना की घोषणा हो चुकी है और उसके बाद अन्य कदम उठाए जाएंगे। महिला आरक्षण विधेयक परिसीमन प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। हमारा लक्ष्य अगले चुनाव में इसे लागू करना है।ह्व संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023 के अनुसार, सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण अधिनियम के अधिनियमन के बाद आयोजित पहली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद प्रभावी होगा।




**जनगणना के लिए आंकड़े एकत्र करने की प्रक्रिया अगले साल शुरू होगी :** इस महीने की शुरूआत में सरकार ने घोषणा की थी कि जाति गणना के साथ-साथ जनगणना के लिए आंकड़े एकत्र करने की प्रक्रिया अगले साल शुरू होगी और इससे 1 मार्च, 2027 तक देश की जनसंख्या का एक स्नैपशॉट मिलेगा।

अगले लोकसभा चुनावों में महिला आरक्षण को वास्तविकता बनाने के लिए, समय रहते परिसीमन पूरा करना होगा ताकि भारत के चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों के नए परिसीमन के आधार पर 2029 के चुनाव कराए जा सकें। जनगणना के आंकड़े परिसीमन के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आंकड़े उपलब्ध होने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की सीटों को पुनः समायोजित करने और उनकी क्षेत्रीय सीमाओं को पुनः निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

### परिसीमन पर दक्षिणी राज्यों की चिंता

दक्षिणी राज्यों में इस बात को लेकर चिंता है कि परिसीमन के कारण ह्लएक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्यह्व के संवैधानिक सिद्धांत के अनुरूप लोकसभा में विभिन्न राज्यों को आवंटित सीटों का अनुपात बदल जाएगा, जिससे उत्तरी राज्यों की सीटों में उछाल आएगा, जहां 1971 के बाद से जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, तथा दक्षिणी राज्यों का सापेक्षिक महत्व कम हो जाएगा, जहां इसी अवधि में जनसंख्या दर धीमी रही है।

वरिष्ठ मंत्रियों ने कहा है कि दक्षिणी राज्यों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का समाधान किया जाएगा तथा शिकायतों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी जाएगी।

## मेधावी छात्र सम्मान : स्मार्ट फोन का प्रयोग करें पर इसके पिछलग्गू न बनें : सीएम योगी

**मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों को समझदारी से स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने की सलाह दी। कहा इसका प्रयोग तो करें पर इसके पिछलग्गू न बनें।**



**लखनऊ।** मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को बहुमूल्य सलाह दी। उन्होंने कहा कि मेधावियों को स्मार्ट फोन वितरित किए जाते हैं। टैबलेट वितरित किए जाते हैं लेकिन ध्यान रखें कि इसका प्रयोग अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए करें इस पर पूरी तरह से निर्भर न हों। आजकल देखा जाता है कि लोग लगातार स्मार्टफोन पर ही व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन का अधिक उपयोग बच्चों को कुंद बना देता है। याददाश्त को कमजोर बना देता है। आधे घंटे इसका उपयोग कीजिए, जिससे आपका काम चल जाए। चार-पांच घंटे मत दीजिए। उन्होंने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग अपना ज्ञान बढ़ाने में, डिजिटल लाइब्रेरी के लिए करें। अगर आप स्मार्टफोन के पिछलग्गू बन जाएंगे तो जैसे इसकी बैटरी डाउन होगी आपकी भी बैटरी डाउन हो जाएगी।

हमारे समय में छात्रों को पहाड़ा याद करवाया जाता था। छात्र खूब अभ्यास करते थे और गणित के कठिन से कठिन सवाल को मिनटों में हल कर देते थे। वो खूब अभ्यास करते थे। तकनीक के नाम पर सिर्फ कैलकुलेटर ही था। उन्होंने कहा कि आज बच्चे आसान से सवालों को नहीं हल कर पाते हैं। इसलिए खूब परिश्रम करें और स्मार्ट फोन का इस्तेमाल समझारी से करें। मुख्यमंत्री योगी ने छात्रों से कहा कि परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। इसका फल अवश्य मिलता है इसलिए जीवन में कभी भी शॉर्टकट मत तलाशें खूब परिश्रम करें। परिश्रम से हासिल की गई सफलता से स्थायित्व आता है। आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे संवेदनशीलता और निष्पक्षता आती है।

## विशेषज्ञों ने किया सावधान! डायबिटीज के मरीज हीट स्ट्रोक के हो सकते हैं शिकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हीट वेव का कहर जारी है। इसके चलते अस्पतालों में सिरदर्द, चक्कर आने, उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि अभी मरीजों की संख्या ज्यादा नहीं है। वहीं, डॉक्टर बुजुर्गों और डायबिटीज के मरीजों को कड़ी धूप में बाहर न निकलने का परामर्श दे रहे हैं।




डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मेडिसिन विभाग में निदेशक और प्रोफेसर डॉ. सुभाष गिरी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में दिनभर धूप में रहने वाले लोगों में हीट एग्जॉशन (गर्मी से थकावट) और हीट स्ट्रोक (लू) की आशंका बढ़ जाती है। हीट एग्जॉशन में पसीना, चक्कर आना, थकान और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण शामिल हैं, जबकि हीट स्ट्रोक के लक्षणों में शरीर का तापमान उच्च, बेहोशी, तेज सांस लेना, मानसिक भ्रम और हृदय गति बढ़ जाती है। हीट स्ट्रोक होने पर मृत्यु की दर अधिक है।

**यह लोग ज्यादा सावधानी बरतें**

डॉ. सुभाष गिरी ने बताया कि धूप में रहकर काम करने वाले लोग ज्यादा सावधानी बरतें। खासतौर पर मजदूर, रिक्शा चालक, सुरक्षाकर्मी और डिलीवरी मैन। ऐसे लोग हीट वेव की चपेट में आ सकते हैं। साथ ही डायबिटीज के मरीजों को भी खास एहतियात बरतने की जरूरत है। वह भी हीट स्ट्रोक का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि डायबिटीज के मरीज का शुगर लेवल अधिक होने की वजह से बार-बार यूरिन की समस्या बनी रहती है। ऐसे में अगर वह धूप में जाकर काम करेगा, तो पसीना अधिक आने से शरीर में पानी की कमी होगी जो हीट स्ट्रोक की वजह बन सकती है। ऐसे में डायबिटीज के मरीज और बुजुर्ग भी बाहर निकलने को लेकर सावधानी बरतें।

**अस्पताल में अभी एक मरीज भर्ती :** गर्मी संबंधी बीमारी को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अभी तक एक मरीज भर्ती हुआ है। मरीज को उल्टी और दस्त की शिकायत है। ओपीडी और इमरजेंसी में गर्मी से बीमार होने को लेकर अभी कोई खास मरीज नहीं आ रहे हैं। स्वामी दयानंद अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ग्लैडबिन त्यागी ने बताया कि गर्मी की वजह से सिरदर्द, उल्टी, डिहाइड्रेशन, चक्कर आने के लक्षणों के साथ मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में गर्मी का कहर पारा 45 डिग्री के पार, दो दिन लू का रेड अलर्ट




**नई दिल्ली।** राजधानी में आसमान से बरस रही आग के आगे कूलर-एसी तक फेल हो रहे हैं। लोगों को न दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में सुकून। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तपिश से राहत के आसार नहीं जताए हैं। यानी 11 और 12 जून को लू का रेड अलर्ट रहेगा।

बुधवार को लोग गर्मी से हलकान दिखे। अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक 43.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 0.8 के कम डिग्री दर्ज हुआ। कुछ इलाकों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

बीते 24 घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर 31 फीसदी रहा। बृहस्पतिवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ बिजली कड़केगी और तेज हवाएं 40-50 किमी प्रति घंटा की गति से चलेंगी, जो गरज के साथ 60 किमी प्रति घंटे की गति तक पहुंच सकती है।

**आया नगर में सबसे अधिक तापमान रहा :** आया नगर में सबसे अधिक तापमान रहा। यहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में 44.5, रिज में 43.6 और लोधी रोड में 43.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। लोधी रोड में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रिज में 26.4, पालम में 29.0 और आया नगर में 27.7 डिग्री दर्ज हुआ।

## गोवा के गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म

**गोवा।** उत्तरी गोवा जिले के एक गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जहां दो लोगों ने कथित तौर पर लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने गेस्ट हाउस के मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस मामले में अब तक चार लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार, लड़कियों की उम्र 11, 13 और 15 साल है। इनमें दो लड़कियां बहने हैं। सभी एक ही इमारत में रहती हैं। लड़कियों के साथ 7 और आठ जून को कलंगुट इलाके में स्थित गेस्ट हाउस में दो लोगों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

अधिकारियों ने बताया कि पांचों ने एक साथ गेस्ट हाउस में चेक-इन किया था। पुलिस के अनुसार, लड़कियों के माता-पिता ने 8 जून को शिकायत दर्ज कराई थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





# अहमदाबाद विमान हादसे पर गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों ने किया शोक व्यक्त

## सांसद अतुल गर्ग ने अहमदाबाद हादसे पर जताया दुख



करंट क्राइम : गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने एयर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एके-171 की दुर्घटना में अनेक यात्रियों के असामयिक निधन की खबर अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक है। इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। साथ ही अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हवाई दुर्घटना में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी जी के दुखद निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा यह हादसा बेहद दर्दनाक है



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने अहमदाबाद में हुए हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हादसे को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हादसे ने किसी को भी सोचने, समझने और बचने का समय नहीं दिया। तस्वीरें देखकर ही दिल की धड़कन बढ़ जा रही है। साथ ही उन्होंने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर भी दुख प्रकट करते हुए सभी मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने हादसे को बताया दुखद और भयानक



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा अहमदाबाद में हुए हादसे को बेहद दुखद और भयानक बताया गया है। उन्होंने कहा किसी ने नहीं सोचा था कि एयर इंडिया का विमान इस तरीके से दुर्घटनाग्रस्त होगा। उन्होंने कहा कि इस विमान हादसे में जिन 242 लोगों ने अपनी जान गंवाई है उनके परिवार के प्रति वह दुख प्रकट करते हैं। साथ ही ईश्वर से कामना करते हैं कि इस तरीके की दुर्घटना कभी ना हो। उन्होंने यह भी कहा है कि यह भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए एक बड़ा दुखद हादसा है।

## महापौर सुनीता दयाल ने कहा ऐसे हादसे फिर कभी ना हों



करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल ने अहमदाबाद में हुए दर्दनाक एवं दिल को दहला देने वाले हादसे को लेकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि ईश्वर भविष्य में कभी इस प्रकार के हादसों की दोबारा तस्वीरें सामने न आने देना। उन्होंने इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी 242 लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में भारत और भारत के राजनेता इन सभी परिवारों के साथ हैं। यह बेहद डराने और सभी को हैरान करने वाला हादसा है। जिसने भी इसकी तस्वीरें देखी हैं, वह इस हादसे को जीवन भर नहीं भूल सकते है।

## विधायक संजीव शर्मा ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



करंट क्राइम : शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी लंदन जा रहे इस विमान हादसे के होने पर मृतक परिवारों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा है कि कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचा जा सकता था कि जो विमान दिल्ली से सही सलामत उड़ा और अहमदाबाद से उड़ान भरने के बाद वह हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। यह हादसा कितना भयानक और दर्दनाक है कि इसकी कल्पना करने से भी डर लग रहा है।

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने हादसे पर जताया दुख



**करंट क्राइम** : अहमदाबाद में हुए जिस तरीके का विमान हादसा हुआ है और 242 लोगों की इस दर्दनाक हादसे में जान गई है। उसका मुझे बेहद दुख है। उन्होंने यह भी कहा है कि भविष्य में इस तरीके का कभी कोई हादसा ना हो, इसके लिए एयरलाइंस और अन्य एजेंसियों को कुछ विशेष इंतजाम करने चाहिए।

## यह हादसा कभी नहीं भुलाया जा सकता : एमएलसी दिनेश गोयल



करंट क्राइम : एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा है कि कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचा जा सकता था कि जो विमान दिल्ली से सही सलामत उड़ा और अहमदाबाद से उड़ान भरने के बाद वह हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। यह हादसा कितना भयानक और दर्दनाक है कि इसकी कल्पना करने से भी डर लग रहा है। अहमदाबाद में हुए हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि इस हादसे को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हादसे ने किसी को भी सोचने, समझने और बचने का समय नहीं दिया। तस्वीरें देखकर ही दिल की धड़कन बढ़ जा रही है। साथ ही उन्होंने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर भी दुख प्रकट करते हुए सभी मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# गाजियाबाद से चयनित कुल 842 अभ्यर्थियों को अमित शाह और योगी लखनऊ में देंगे नियुक्ति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 15 जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लखनऊ में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान 62244 पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र पाने वालों में उत्तर प्रदेश की कुल 12000 से अधिक महिला पुलिसकर्मी बेटियां भी शामिल होंगी। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से कमिश्नरेट गाजियाबाद में चयनित हुए कुल 842 अभ्यर्थियों को भी इस कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। शुक्रवार को लखनऊ जाने वाले अभ्यर्थियों की तमाम व्यवस्थाओं और इंतजाम क्या रहेंगे, इसको लेकर एडिशनल सीपी मुख्यालय कल्पना सक्सेना द्वारा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में बैठक की गई। जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई है।

## गुरुवार को एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना ने ली बैठक



### 17 जून से गाजियाबाद में शुरू होगी ट्रेनिंग

**करंट क्राइम :** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद कल्पना सक्सेना ने जानकारी दी है कि गुरुवार की बैठक के बाद अब 17 जून से जेटीसी और आरटीसी प्रशिक्षण के लिए आगामी रूपरेखा तैयार की गई है। इस मीटिंग में मुख्य रूप से पुलिस उपायुक्त लाइन, मुख्यालय, देहात और कमिश्नरेट में बनाए गए साता केंद्रों के प्रभारी और लाइन निरीक्षक के साथ ही प्रभारी निरीक्षक एमटी व जेटीसी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। डीआईजी कल्पना सक्सेना ने जानकारी दी है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।

# सपा में सुर्खी बना जिला अध्यक्ष को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिया कारण बताओ नोटिस




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सभी राजनीतिक दल में मतभेद भी होते हैं और सभी दलों में अपने-अपने संगठन के नियम कायदे भी होते हैं, लेकिन सभी दलों में एक चीज जो सामान्य होती है वो ये होती है कि वहां नोटिस की प्रक्रिया हमेशा ऊपर से नीचे की ओर चलती है। लेकिन समाजवादी पार्टी में इन दिनों एक नोटिस सुर्खियां बटोर रहा है। दरअसल ये वो नोटिस है जो ऊपर से नीचे की ओर नहीं आया है बल्कि नीचे से ऊपर की ओर चला है। बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को ही नोटिस दे दिया और नोटिस में विधानसभा अध्यक्ष ने यहां तक लिख दिया कि आप समाजवादी पार्टी को मुरादनगर में कमजोर करने का काम कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि या तो मुझे समाजवादी पार्टी से या अपने आप पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। बहरहाल अब विधानसभा अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। ये मामला समाजवादी की लोहिया वाहिनी का है, जहां समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी के मुरादनगर विधानसभा के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष असलम कुरैशी को ये कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### तीन दिन में नहीं मिला जवाब तो छह साल के लिये निष्कासित का जारी करवाऊंगा फरमान

**करंट क्राइम।** सपा लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी को नोटिस जारी किया। उन्होंने कहा कि 11 जून को मुरादनगर विधनसभा में अतिआवश्यक बैठक बलाई गई थी। इस बैठक में सपा के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन मुख्य अतिथि तथा सपा युवजनसभा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी भी मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। असलम कुरैशी को मैंने फोन किया और उनकी समस्त कमेटी को भी बुलाया मगर, ना वो स्वयं आए और ना उनका कोई साथी शामिल हुआ। आकाश अग्रवाल ने लिखा कि उनके ना आने से मेरी भावनाएं काफी आहत हुई है और प्रदेश अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को अपमान का घूंट पीना पड़ा है। उससे ऐसा लग रहा है कि या तो सपा से मुझे अपने आप पद से त्याग पत्र दे देना चाहिए या फिर असलम कुरैशी जैसे लोगों को पार्टी से छह साल के लिये निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। इसलिये मैं असलम कुरैशी को कारण बताओ नोटिस जारी कर रहा हूं। अगर तीन दिन के अंदर उन्होंने स्पष्टीकरण नहीं दिया तो मैं उन्हें छह साल के लिये निष्कासित करने का अनुमोदन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के पास स्वयं जाकर भेजूंगा।

# उठ रहे हैं मंडल में होने वाली जनसभा को लेकर विचार कितना होना चाहिए मंडल वाली जनसभा का आकार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा लगातार आयाम लेकर आ रही है। वो अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्यारह वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर अपने कार्यकताओं की फौज के साथ जनता के बीच आ रही है। सभी मंडलों के लिये कार्यक्रम आ गए हैं और 14 जून से ये कार्यक्रम शुरू होंगे। ये ग्यारह वर्ष की उपलब्धियों के कार्यक्रम होंगे और ऐसे में ये बड़ा सवाल उठ रहा है कि मंडल स्तर पर होने वाली जनसभाओं का आकार क्या रखा जाए। जनसभाओं के आकार का सवाल इसलिये उठा क्योंकि हर दल में दो प्रकार होते हैं और जिस तरह राजनीति में दो पहलू पक्ष और विपक्ष होते हैं उसी तरह हर पार्टी में भी दो पार्टी होती है यानी पार्टी बनाम पार्टी का सीन रहता है।

ये सीन सभी दलों में रहता है और राजनीति में हर पार्टी के भीतर भी पक्ष और विपक्ष होते हैं। पक्ष वो होता है जो दायित्व पर होता है जो नीति निर्धारण वाले फॉर्मेट में होता है और विपक्ष वाले वो होते हैं जो पावर वाले दल में तो होते हैं, लेकिन वो खुद को आउट ऑफ पावर फील करके चलते हैं। पावर वाली फील चाहती है कि हर कार्यक्रम सफल हो, जो भी दायित्व मिले उसे कुशलतापूर्वक पूरा किया जाए और विपक्ष वाली टीम अपने ही कार्यक्रम में कुर्सियां गिन रही होती है। वो इस बात को नोट करते हैं कि किसे मंच पर स्थान मिला, किसे नहीं मिला, किसे माइक मिला, किसे नहीं मिला, मंच पर किसका फोटो था और किसका नहीं था कुल मिलाकर विपक्ष वाली टीम खामियां तलाश रही होती है। ऐसे में विपक्ष वाली इस टीम को पक्ष वाली टीम का जवाब सफल कार्यक्रम ही होता है। भाजपा महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल ने जबसे कार्यभार संभाला है तब से उन्होंने लगभग 20 कार्यक्रम अपने नेतृत्व में आयोजित कराए हैं। सभी कार्यक्रम सफल रहे हैं। इसी बीच अब मंडल स्तर पर कार्यक्रम आए और यहां एक सवाल ये उठा कि आखिर कब तक अध्यक्ष ताकत दिखाएंगे। वो अपनी ऊर्जा को कहां-कहां लगाएंगे। मंडल स्तर पर कार्यक्रम होने हैं और यहां बताया जाता है कि महानगर अध्यक्ष का ये फैसला है कि मंडल स्तर पर जनसभा आयोजित की जाए। इधर पक्ष वालों ने जनसभा की बात की और उधर भगवा विपक्ष वालों ने सवाल उठाने शुरू कर दिये। वो पूछ रहे हैं कि जनसभा ही होगी या फिर गोष्ठी को जनसभा का नाम दे दिया जाएगा। सवाल ये भी उठा रहे हैं कि महानगर अध्यक्ष जिन मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारी दे रहे हैं वो कितने लोग जुटा पाएंगे।

कहना ये भी शुरू कर दिया है कि मंडल स्तर पर 100 लोगों के दिखने को जनसभा नहीं कहा जा सकता। संख्या कम से कम 1000 की जाए और फिर वो ये भी कह रहे हैं कि चलो 500 की संख्या भी जुटी तो मान लेंगे। वो कार्यक्रम पर नजर रख रहे हैं और इधर भगवा योद्धा ने भी अपने कार्यकताओं में अपनी टीम में ऊर्जा का संचार कर दिया है। वो कह रहे हैं कि मंडल स्तर पर जनसभा ही होगी और यहां उन्होंने अपने कार्यकताओं में ये कहकर ऊर्जा का संचार कर दिया है कि जनसभा का आकार कितना बड़ा होगा इस पर विचार हो जाएगा, लेकिन जनसभा वाला कॉसेप्ट ही स्वीकार होगा। वो कार्यकताओं पर भरोसा कर रहे हैं। मंडल अध्यक्षों के लिये भी अब ये परीक्षा की घड़ी आ गई है। जितने भी नए मंडल अध्यक्ष बने हैं अब उन्हें भीड़ वाले मैनेजमेंट से अपनी टीआरपी का जलवा दिखाना है।

उन्हें अपने मंडल में होने वाली जनसभा में खुद को साबित करना है। वो भीड़ के जरिये ये दिखाएंगे कि मंडल में उनकी पकड़ कितनी है। जो लोग पार्टी के भीतर रहकर ही विपक्ष वाली भूमिका में हैं वो भी इस बात को देखेंगे कि पक्ष वाले लोगों ने जनसभाओं में कितनी भीड़ जुटाई है। वैसे बताते चलें मंडल पर जनसभा कराने की जिम्मेदारी भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल ने पूर्व उपाध्यक्ष सुरेन्द्र नागर को दी है। यहां प्रत्येक जनसभा में 500 से अधिक की भीड जुटाने की अपेक्षा की गई है।

# संस्मरण गोष्ठी के संयोजक पप्पू पहलवान ने किया स्पष्ट

## मैंने महानगर अध्यक्ष को फोन मिलाया, मगर उन्होंने फोन नहीं उठाया





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में तीन देशों की यात्रा पर गए और जब वो विदेशों में भारत का पक्ष रखकर वापस लौटे तो यह एक अविस्मरणीय पल था। इसके लिये संस्मरण गोष्ठी का आयोजन हुआ। ये गाजियाबाद के लिये भी गर्व की बात है। क्योंकि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग गाजियाबाद के ऐसे एकमात्र सांसद थे जिन्हें पूरे उत्तर प्रदेश से इस दल में जाने के लिये चुना गया।

अतुल गर्ग विदेशों में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर विचार व्यक्त करके लौटे। विदेशों में उनका अनुभव कैसा रहा और वहां किस तरह से रेस्पोंस मिला, इसको लेकर साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के एक कॉलेज में संस्मरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में सांसद अतुल गर्ग के अलावा दो अन्य सांसद भी आए। इस गोष्ठी का आयोजन निवर्तमान महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने किया था। वो इस गोष्ठी के संयोजक थे, लेकिन इस गोष्ठी में ये देखने को मिला कि यहां कई चेहरे दूरी बना गए। कई चेहरे ऐसे थे जो आए ही नहीं। ना आने वाले चेहरों में वो चेहरे थे जो संगठन वाले फ्रेम में फिट होने का प्रयास कर रहे हैं। वो चेहरे नहीं आए। सबसे खास बात ये रही कि जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विदेश से लौटकर आए और उनके संस्मरण जानने के लिये संगठन के महामंत्री पप्पू पहलवान गोष्ठी का आयोजन किया तो इस गोष्ठी से भाजपा के महानगर अध्यक्ष ही दूर रहे। जबकि मंच के बैकड्रॉप पर उनका फोटो भी अन्य फोटो से बड़ा लगा था। क्या महानगर अध्यक्ष को निमंत्रण नहीं दिया गया या वो संस्मरण से खुद ही दूर रहे। इस सवाल को करंट क्राइम ने उठाया। दैनिक करंट क्राइम के डिजिटल प्लेटफार्म पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से ये सवाल हुआ कि आप लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के संस्मरण कार्यक्रम से दूर रहे। ऐसी क्या मजबूरी थी कि आपने इस कार्यक्रम से दूरी बनाई। इस पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने क्ररंट क्राइम से कहा कि मेरे पास इस संस्मरण गोष्ठी की कोई सूचना नहीं थी। मयंक गोयल के इस जवाब का यही मतलब है कि उनके पास संस्मरण गोष्ठी का निमंत्रण नहीं था। अगर निमंत्रण होता तो वो जरूर जाते। दैनिक करंट क्राइम ने इस जवाब को लेकर भाजपा के निवर्तमान महानगर महामंत्री पप्पू पलवान से बात की। करंट क्राइम ने पप्पू पहलवान से पूछा कि क्या आपने भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंग गोयल को संस्मरण गोष्ठी में आने का निमंत्रण नहीं दिया था। तो यहां पर पप्पू पहलवान ने पूरी स्थिति को स्पष्ट किया।

उन्होंने कहा कि मैंने इस कार्यक्रम के लिये भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को फोन मिलाया था मगर, उन्होंने मेरी कॉल को रिसीव नहीं किया, उन्होंने फोन नहीं उठाया। पप्पू पहलवान ने आगे बताया कि इसके बाद जब मेरा फोन रिसीव नहीं हुआ तो मैंने व्हॉट्सएप पर उन्हें संस्मरण कार्यक्रम में आने का निमंत्रण भेजा। महामंत्री पप्पू पहलवान ने स्पष्ट कर दिया कि उन्होंने कार्यक्रम में निमंत्रण के लिये फोन भी मिलाया था मगर फोन कॉल को महानगर अध्यक्ष नहीं उठाया था। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें गोष्ठी में आने के लिये व्हॉटसएप निमंत्रण पत्र भी भेजा। पप्पू पहलवान ने यहां अपने पक्ष को स्पष्ट किया। इससे ये भी स्पष्ट हो गया कि बुलाने की तीन प्रक्रिया होती है और उनमें से दो प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। पहली प्रक्रिया होती है कि व्यक्तिगत रूप से जाकर निमंत्रण देना और अनुरोध करना, दूसरी प्रक्रिया होती है कि फोन कोल पर निमंत्रण देना और तीसरी प्रक्रिया होती है कि व्हॉटसएप से निमंत्रण और सूचना देना। इनमें से दो प्रक्रियाओं का पालन किया गया था।

# वाह रे नगर निगम ! पूछोगे सौ की बताएंगे सोलह की









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगरवासियों पर बेतहाशा कर वृद्धि का संज्ञान लेकर वार्ड-88 के पार्षद नीरज गोयल ने जब निगम के सक्षम अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज करायी तो सभी का कथन एक ही रहा कि निगम में विकास कार्य कराने के लिए निगम की आय बढ़ना आवशयक है और निगम की आय का केवल ही एक माध्यम है टैक्स।

निगम अधिकारियों के प्रतिउत्तर से संतुष्टि न होने पर पार्षद नीरज गोयल ने नगर निगम के सभी सौ वार्डों से लिए जाने वाले टैक्स के संदर्भ में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के उपयोग करते हुए जन सूचना अधिकारी नगर निगम से कुल छः बिंदुओं पर सूचना मांगी जिसमें पूछा गया कि निगम के सभी सौ वार्डों में टैक्स लगा है अथवा कम वार्डों में। इसके अलावा कर निर्धारण प्रक्रिया की जानकारी मांगी गयी। पार्षद नीरज गोयल ने पूछा कि टैक्स न लिए जाने वाले वार्डों के कारणों की जानकारी मांगी गयी तो उन्होंने टैक्स न लिए जाने वाले वार्डों व वार्डों के अंतर्गत आने वाली कालोनियों की जानकारी मांगी गयी। उन वार्डों की जानकारी मांगी गयी जिनमें कुछ भवनों से टैक्स लिया जा रहा है और कुछ से नहीं। जिन वार्डों से टैक्स नहीं लिया जा रहा है उनमें होने वाले विकास कार्यों की जानकारी भी मांगी गयी।

इन बिन्दुओं पर नगर निगम ने जो सूचना उपलब्ध करायी है वो जन सूचना अधिकारी/कर निर्धारण अधिकारी/जोनल प्रभारी विजय नगर जोन के माध्यम से उपलब्ध करायी है जिसमें सूचना अधिकारी ने अवगत कराया है कि विजयनगर जोन के सभी 16 वार्डों से सम्पत्ति कर लिया जा रहा है। उत्तरप्रदेश सम्पत्ति कर नियमवली 2000 एवं यथा संशोधित नियमावली 2013 के अंतर्गत निर्धारित प्रणाली के अनुसार कर लिया जाना बताया। भवन स्वामियों द्वारा उपलब्ध कराये गए अभिलेखों पर सम्पत्ति कर निर्धारण कर वसूली कार्रवाई की सूचना जन सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। प्राप्त इस सूचना पर पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि जब उन्होंने सभी सौ वार्डों के संदर्भ में सूचना मांगी थी तो विजय नगर जोन के मात्र सोलह वार्डों की सूचना क्यों उपलब्ध करायी गयी है। हालांकि पार्षद का कहना है कि ये भी संभव हो सकता है कि उनके आवेदन को निगम के सभी जोनल कार्यालयों में भेजकर सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश उच्च अधिकारी द्वारा दिए गए हों। लेकिन इसकी कोई पुख्ता जानकारी उनके पास नहीं है। इसलिए वो प्राप्त सूचना के खिलाफ प्रथम अपील प्रस्तुत करेंगे और अगर तब भी उन्हें उनके द्वारा मांगी गयी सूचना नहीं मिली तो वो आयोग में द्वितीय अपील करेंगे।

## संपादकीय

# स्कूल फीस पर कानून का शिकंजा

इस अध्यादेश में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिनसे अभिभावकों को चिंता से मुक्ति मिलेगी। शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों को परेशान किए जाने पर पचास हजार के जुमार्ने का प्रावधान निस्संदेह सरकार का सख्त कदम है। दिल्ली के निजी विद्यालयों में मनमाने तरीके से शुल्क बढ़ाए जाने पर सवाल उठते रहे हैं। अभी हाल ही में द्वारका में कई अभिभावकों ने सरकार की अनुमति के बिना एक विद्यालय पर शुल्क बढ़ोतरी का आरोप लगाया था। साथ ही दावा किया था कि बच्चों और उनके माता-पिता पर दबाव बनाने के लिए कुछ स्कूलों में अतिरिक्त कर्मी तैनात किए जाते हैं। निजी विद्यालयों की निरंकुशता का मुद्दा अदालतों में भी उठता रहा है। ऐसा भी नहीं कि शिक्षा निदेशालय को वस्तुस्थिति मालूम न हो। सवाल यह है कि निजी विद्यालयों को मनमानी करने की छूट किसने दी? कौन लोग हैं जो इन्हें अब तक शह देते रहे हैं? लगातार शिकायतें मिलने पर दिल्ली सरकार ने हाल ही में विधानसभा में दिल्ली स्कूल शिक्षा (पारदर्शिता निर्धारण और शुल्क विनियमन–2025) विधेयक पारित करने का निर्णय किया था, मगर किन्हीं कारणों से यह पेश नहीं किया जा सका था।

अब इस विधेयक को अध्यादेश के जरिए लागू करने का दिल्ली मंत्रिमंडल का फैसला एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इससे शुल्क प्रणाली में पारदर्शिता आएगी और अभिभावकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। निजी विद्यालयों को अब जवाबदेह बनना होगा। वे अभिभावकों पर मनमाने तरीके से आर्थिक बोझ नहीं डाल सकेंगे।

अब दिल्ली के निजी स्कूल नहीं वसूल पाएंगे मनमानी फीस, पेरेंट्स को मिलेगा लाभ; रेखा गुप्ता सरकार ने लिया बड़ा फैसला हैरत की बात तो यह है कि निजी विद्यालयों में शिक्षा शुल्क के अतिरिक्त अन्य मदों में राशि जोड़कर कई वर्षों से वसूली की जाती रही है। विकास शुल्क के नाम पर अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता है। मगर, अब इस पर रोक लग सकेगी। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मनमाना शुल्क बढ़ाने पर निजी विद्यालयों और दिल्ली शिक्षा निदेशालय को नोटिस जारी किए थे। इसमें दोराय नहीं कि बार-बार शुल्क बढ़ाए जाने से गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों पर नाहक ही आर्थिक बोझ पड़ता है। नया अध्यादेश लागू होने के बाद निजी विद्यालय निर्धारित सीमा से अधिक शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। इस अध्यादेश में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिनसे अभिभावकों को चिंता से मुक्ति मिलेगी। शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों को परेशान किए जाने पर पचास हजार के जुमार्ने का प्रावधान निस्संदेह सरकार का सख्त कदम है।

# एअर इंडिया विमान हादसे के बाद टाटा समूह के शेयर टूटे

## इंडिगो व स्पाइसजेट भी कमजोर

**नई दिल्ली।** गुरुवार को दोपहर करीब 3 बजकर 10 मिनट तक के आंकड़ों के अनुसार बीएसई पर टाटा मोटर्स के शेयर 2.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 716.00 रुपये, टाइटन के शेयर 2.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3456.00 रुपये, टाटा स्टील 2.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 152.95 रुपये के भाव पर कारोबार करते दिखे। गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एअर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान दोपहर 1.38 पर टेकऑफ के बाद कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गया।

टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया के विमान के हादसे का शिकार होने के बाद शेयर बाजार में टाटा के समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट दिखी। सेंसेक्स में शामिल ग्रुप की प्रमुख कंपनियों टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयरों में भारी बिकवाली दिखी।



### टाटा समूह के अलावे इंडिगो और स्पाइजेट के शेयर भी कमजोर पड़े

गुरुवार को दोपहर करीब 03.40 बजे बीएसई पर टाटा मोटर्स के शेयर 2.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 714.45 रुपये, टाइटन के शेयर 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3448.90 रुपये, टाटा स्टील 2.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 152.60 रुपये और टीसीएस के शेयर 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3432.00 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे। इनके अलावा, देश की प्रमुख एविएशन कंपनी इंडिगो (इंटरग्लोब एविएशन) के शेयर 3.32 प्रतिशत (187.00 रुपये) की गिरावट के साथ 5444.00 रुपये और स्पाइसजेट के शेयर 2.40 प्रतिशत 1.09 रुपये की गिरावट के साथ 44.40 रुपये पर कारोबार कर रहे थे।

# भारत का माल और सेवा निर्यात चालू वित्तीय वर्ष में 900 अरब डॉलर को पार कर सकता है : वाणिज्य मंत्री



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण अनिश्चितताओं के बावजूद, देश का समग्र निर्यात 2024-25 में 825 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। 2023-24 में यह 778 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद 2025-26 के दौरान भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 900 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष, इजराइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण अनिश्चितताओं के बावजूद, देश का समग्र निर्यात 2024-25 में 825 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। 2023-24 में यह 778 बिलियन अमरीकी डॉलर था। उन्होंने कल रात भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा, हमने पिछले वर्ष 825 अरब डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है और इस वैश्विक उथल-पुथल के बीच हम इस वर्ष निश्चित रूप से 900 अरब डॉलर के निर्यात को पार कर जाएंगे।

मंत्री दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपने स्वीडिश समकक्ष और कंपनियों से मिलने के लिए आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। शीर्ष निर्यातकों के संगठन फियो ने अनुमान लगाया है कि देश का समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात 2025-26 के दौरान सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

स्वीडन के स्टॉकहोम में बोलते हुए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, भारत में जो अवसर, कौशल, क्षमता, मांग और निर्णायक नेतृत्व है- यह सब देखकर स्वीडिश कंपनियों को भी लगता है कि भविष्य भारत में है। 2047 तक आठ गुना बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था से हर कोई लाभ उठाना चाहता है।

# 'देश में निजी खपत में गिरावट आई सरकार ने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य किया हासिल'



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024–25 की चौथी तिमाही में भारत की निजी खपत में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए जीडीपी के 4.8 प्रतिशत राजकोषीय घाटा का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। अब वित्त वर्ष 2026 में इस अनुपात को कम करके 4.4 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सरकारी उपभोग खर्च में आई सिकुड़न

रिपोर्ट के अनुसार वास्तविक निजी उपभोग व्यय में वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वित्त वर्ष 2024 में दर्ज 6.2 प्रतिशत की वृद्धि से मामूली गिरवाट को दशार्ता है। इसके अलावा सरकारी उपभोग खर्च में भी सिकुड़न देखने को मिली। वित्त वर्ष 24 में यह 6.6 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 25 में घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई।

### उपभोग मांग में दिखी मिली जुली तस्वीर

रिपोर्ट में बताया गया कि मई 2025 तक देश में उपभोग मांग में मिली-जुली तस्वीर देखने को मिली। इसमें कहा गया कि गैर तेल गैर सोना और इलेक्ट्रॉनिक आयात में सुधार हुआ। वहीं ऑटो बिक्री, इस्पात खपत और बिजली की मांग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में धीमी गति देखी गई। कृषि क्षेत्र की बात करें तो सरकार ने खरीफ फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा की है।

### प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह में आई गिरावट

वित्त वर्ष 2025 में कुल सरकारी खर्च संशोधित अनुमान (आरई) से कम रहा। कुल राजस्व व्यय 36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान 37 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा कम है। प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले साल 34.1 प्रतिशत की वृद्धि थी। वहीं, अप्रत्यक्ष कर वृद्धि पिछले साल के 6.3 प्रतिशत की तुलना में 4.3 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत में कर राजस्व संग्रह में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पैदल चलते समय लगभग ज्यादातर समय हमारी आखँ बंद होती हैं।
- लोग आपके बारे में जब अच्छा सुनते हैं तो यकीन नहीं करते लेकिन बुरा सुनने पर तुरंत भरोसा कर लेते हैं।
- दुनिया का सबसे प्रदूषित स्थान भारत की राजधानी दिल्ली हैं।
- सीखते समय आपका दिल एक सेकेंड के लिए रुक जाता है।
- पक्षी अपने वजन के आनुपातिक दृष्टिकोण से इंसानो से ह्य72 गुना अधिक शक्तिशाली होते हैं।
- दुनिया के 95 प्रतिशत लोग नइ पेन खरीदने के बाद सबसे पहले अपना नाम लिखते है।
- काक्रोच अपने 6 पैरों से एक सेकंड में लगभग 1 मीटर की दूरी तय कर लेता है।
- 20 लोग एक कमरे में होंगे तो 50% तक यह चांस रहता है की दो लोगों की जन्म तारीख एक होंगी।
- सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाले देश में भारत दुनिया में सबसे पहले नंबर में आता हैं।
- Almost सबसे लंबा अंग्रेजी शब्द है जिसमें सारे शब्द अल्फाबेटिकली क्रम में आते हैं।

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**वृष:** मन शान्त रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य परेशान कर सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** कला या संगीत में रुचि बढ़ेगी। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क:** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह:** वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा पर खर्च बढ़ सकते हैं। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**मकर:** मन अशान्त हो सकता है। नकारात्मक विचारों से बचें। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। पारिवारिक सुख में कमी रहेगी।

**मीन:** मानसिक शान्ति रहेगी। आत्मविश्वास रहेगा। कारोबार के प्रति सचेत रहें। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

## चुटकुले

पूनम अपनी सहेली मीना से- क्या तुमने यह नई साड़ी खरीदी है?
मीना- हां, 5 हजार रुपये की है।
पूनम- अरे वाह... यह ज्वैलरी भी नई खरीदी है?
मीना- हां, पूरे 2 लाख रुपये की है.
पूनम- क्या तुम्हारे पति ने नई जॉब बदल ली.
मीना- नहीं, मैंने पति ही बदल लिया!

---

गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई,
मुझे एक हजार रुपये की जरूरत है.
बॉयफ्रेंड- कर दी ना छोटी बात,
पगली ये ले 10 रुपये, अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स लेकर आ, गर्लफ्रेंड बेहोश!

---

एक अम्मा को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला...
भिखारी - भगवान के नाम पर कुछ दे दो मां जी, चार दिन से कुछ नहीं खाया।
अम्मा 500 का नोट निकालते हुए बोली 400 खुले हैं?
भिखारी - हां हैं, मां जी।
बुढ़िया - तो उससे कुछ लेकर खा लेना!

## 13 06 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन



दिशा पटानी
अभिनेत्री

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन



विकास तेवतिया
(पूर्व चेयरमैन)
मुरादनगर नगर पालिका



तनिष्का



शारविन शर्मा



अवनी पालीवाल



मानवी शर्मा



काव्या



सच्चिदानन्द यादव



पूजा



अनामिका सिंह



अभिषेक जिंदल



संजय गोयल



संजीव तोमर



सुरेश त्रिपाठी



उमंग गुप्ता



गुरमीत सिंह



दर्शित



सुशील दीक्षित



विजय दीक्षित



विजय सिंह



विकास गुर्जर



अमित कुमार



आनन्द सिंघानिया



हरीश भारद्वाज



राहुल श्रीवास्तव



ऋषिकेश राय



सुधीर राघव



तापस चटर्जी



अर्पित गोयल



भोला सम्राट

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार! ऑस्ट्रेलिया-द.अफ्रीका ने बनाया यह अनचाहा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लॉर्ड्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। कगिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसेन (49 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरूआत खराब रही और उसने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं। मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले दिन ही एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना जो इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में नहीं बना था।

### बेडिंघम और बावुमा नाबाद

पहले दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम आठ, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की।

दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही मार्करम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए। वियान मुल्डर को एक रन के निजी स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर कैरी ने जीवनदान दिया। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेजलवुड ने ट्रिस्टन स्टब्स (02) को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 30 रन किया।

### दोनों टीमों का नंबर-एक बल्लेबाज शून्य पर आउट

दरअसल, इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरऑल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है।

# शूटिंग विश्व कप में मनु भाकर फाइनल में पदक से चूकीं, चैन सिंह सातवें स्थान पर रहे



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर और सीनियर निशानेबाज चैन सिंह ने यहां चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपनी-अपनी स्पधाओं के फाइनल में जगह बनाई लेकिन पोडियम स्थान हासिल नहीं कर सके जिससे भारत बुधवार को एक भी पदक नहीं जीत पाया।ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में आठ निशानेबाजों के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफाइंग दौर में उन्होंने 588 के कुल स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था। चैन सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड में अच्छे स्कोर के आधार पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन आठ निशानेबाजों के पदक राउंड में सातवें स्थान पर रहे।

मंगलवार को भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उसे यह पदक एलावेनिल वलारिवान ने दिलाया था। मनु भाकर ने प्रिसिशन में 290 और रैपिड फायर राउंड में शानदार प्रदर्शन करके 298 अंक हासिल किए थे लेकिन फाइनल में उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरूप नहीं रहा। चीन की सुन युजी ने 38 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की ओह येजिन और यांग जिन ने क्रमशः 36 और 32 अंकों के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

भाकर तीसरे एलिमिनेशन राउंड से आगे नहीं बढ़ सकीं और उन्होंने 20 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। एशियाई खेलों के पदक विजेता और हाल ही में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाले चैन सिंह ने 592 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। लेकिन फाइनल में वह शुरू में ही लड़खड़ा गए और बाहर होने वाले दूसरे प्रतियोगी बने। इस स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य भारतीय, पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और अंकुश जाधव 587 और 580 अंक लेकर क्रमशः 38वें और 67वें स्थान पर रहे।

# न्यूयॉर्क के एक गोल्फर के नाम विश्व रिकॉर्ड, लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर रचा कीर्तिमान



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकार्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

एजीही ने इसके बाद पूरी प्रतिबद्धता दिखाई तथा बारिश, थकान और पैरों में दर्द के बावजूद हार नहीं मानी और आखिर में ब्रिटेन के आइजैक रोलैंड्स को पीछे छोड़ने में सफल रहे। उन्होंने कहा, 'मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मैं विश्व चैंपियन हूं। यह एक ऐसा अवसर है जो बहुत से लोगों को नहीं मिलता। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं भविष्य में अपने बच्चों और अपने पोते पोतियों को जरूर बताऊंगा।'

अपने दोस्तों, टॉर्च और अंधेरे में चमकने वाली गोल्फ गेंदों के साथ 27 वर्षीय एजीही ने रविवार को शाम लगभग 6:30 बजे हंटिंगटन क्रीसेंट क्लब में खेलना शुरू किया और मंगलवार सुबह 5:30 बजे के बाद अपना अंतिम पुट लगाया। इस बीच उन्होंने कुल 126 होल खेले। उन्होंने बताया कि उनके दोस्तों ने पूरे खेल का वीडियो बनाया और अन्य लोगों ने गवाह के तौर पर काम किया ताकि इसे गिनीज रिकॉर्ड की मंजूरी मिल सके। गिनीज के नियमों के तहत उन्हें हर घंटे पांच मिनट का ब्रेक दिया गया। यही नहीं उन्होंने नियमों का पालन करते हुए हर राउंड के आखिर में 20 मिनट का ब्रेक भी लिया।

लंदन स्थित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रवक्ता काइली गैलोवे ने कहा कि संस्था के विशेषज्ञों को सबूतों की समीक्षा करने और यह घोषित करने में 12 से 15 सप्ताह लगते हैं कि कोई रिकॉर्ड बनाया गया है या नहीं। उन्होंने कहा कि अभी किसी के भी नाम पर सबसे लंबे समय तक लगातार गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड दर्ज नहीं है और जो कोई भी आवेदन करता है उसे कम से कम 24 घंटे खेलना चाहिए।

# वेस्टइंडीज क्रिकेट पर संकट, निकोलस पूरन के बाद अन्य खिलाड़ी भी ले सकते हैं संन्यास




**वेस्टइंडीज।** क्रिकेट इतिहास में कभी सबसे धाकड़ टीम रही वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम में एक बार फिर उथल-पुथल मच गई है। टीम केस्टार बल्लेबाज और विकेटकीपर निकोलस पूरन ने अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से सिर्फ 29 साल की उम्र में संन्यास ले लिया। पूरन ने ये फैसला टी20 वर्ल्ड कप 2026 से महज 8 महीने पहले ही लिया है जिसने फैंस और टीम को चौंका दिया है। इन सब के बीच टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी का एक बड़ा बयान सामने आया है। जिसने वेस्टइंडीज क्रिकेट की भविष्य की चुनौतियों को उजागर कर दिया है।

डैरेन सैमी ने कहा कि पूरन का ये फैसला महज एक शुरूआत है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में और भी वेस्टइंडीज के खिलाड़ी इसी तरह अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। सैमी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत के दौरान कहा कि, मेरी अंतरात्मा कह रही थी कि ऐसा कुछ होने वाला है। मैंने पहले ही पूरन और एजेंट से बातचीत कर ली थी और हमने उनके बिना ही टीम की रणनीति बनानी सुरू कर दी थी।

पूरन के संन्यास को लेकर सैमी इमोशनल जरूर थे, लेकिन उन्होंने कमर्शियल एंगल से भी इस फैसले को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि, पूरन जैसे खिलाड़ी को मैं हमेशा टीम में रखना चाहूंगा। लेकिन मैं किसी खिलाड़ी के करियर का फैसला नहीं कर सकता। पूरन ने टीम को बधाई दी, और हमने भी उन्हें उनके भविष्य को लेकर शुभमकामनाएं दी हैं।

डैरेन सैमी वेस्टइंडीज को 2012 और 2016 में दो बार टी20 वर्ल्ड कप जितवा चुके हैं। उन्होंने ने कहा कि आज के समय में खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट को छोड़कर फ्रेंचाइजी लीग्स की ओर ज्यादा झुकाव रखने लगे हैं और ये एक बहुत ही सामान्य बात है। उनका मानना है कि अब टी20 क्रिकेट इतना फेमस हो गया है कि खिलाड़ी अपने करियर की शुरूआत में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला कर लेते हैं मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में और भी वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ऐसा करेंगे।

# वापसी कभी आसान नहीं होती... गौतम गंभीर ने करुण नायर की वापसी पर दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** लंबे समय बाद भारत इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा जिसके लिए वह जबरदस्त तैयारी में जुटा हुआ है। दोनों टीमें के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून से लीड्स में शुरू होगी। मुख्य कोच गौतम गभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की है।

भारतीय कोच ने कहा कि, वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल बेहतरीन रहा। उन्होंने कहा कि, आपने जितने रन बनाए हैं और सबसे अहम बात कभी हार ना मानने का जज्बा है जिसने आपको टीम में वापस ला दिया है और ये इस समूह में सभी के लिए प्रेरणादायक है। करुण नायर का स्वागत है।

नायर ने कहा कि वह भारत के लिए खेलने का दूसरा मौका मिलने पर आभारी हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर फिर से मिलने के लिए आभारी हूं। मैं इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे यकीन है कि एक बार जब मैं मैदान पर उतरूंगा तो मेरे अंदर बहुत सारी भावनाएं होंगी लेकिन अभी मैं उन्हें व्यक्त नहीं कर सकता।

# एशिया कप 2025 से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़ी त्रिकोणीय सीरीज की बनाई योजना, इन तीनों देशों के बीच खेली जाएगी




**क्रिकेट पाकिस्तान के अनुसार, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच त्रिकोणीय टी20 सीरीज की योजना बनाई जा रही है। इस सीरीज को हकीकत बनाने के लिए इन देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच बातचीत चल रही है।**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार खींचतान के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच क्रिकेट संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। भारत में पाकिस्तान से जुड़ी हर चीज का बहिष्कार करने के लिए कई कदम उठाए गए और क्रिकेट में दोनों देशों के बीच होने वाले मैचों को पूरी तरह से बंद करने की मांग भी की जा रही है। इसी के साथ सितंबर में होने वाले एशिया कप पर भी सवालिया निशान लग गया है। एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने अभी तक टूनामेंट पर कोई फैसला नहीं लिया है जिसकी मेजबानी इस बार भारत के पास है।

वहीं इन सब के बावजूद भारत ने एशिया कप 2025 से खुद को बाहर नहीं निकाला है। हालांकि, पहले ऐसी खबरें आ रही थीं कि पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने के संकेत के तौर पर भारत एशिया कप से बाहर निकल जाएगा। लेकिन बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इस बात को खारिज कर दिया और अभी तक इस पर कोई फैसाला नहीं लिया गया है।

फिलहाल, एशिया कप 2025 अभी भी अधर में लटका हुआ है। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इसकी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। क्रिकेट पाकिस्तान के अनुसार, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच त्रिकोणीय टी20 सीरीज की योजना बनाई जा रही है। इस सीरीज को हकीकत बनाने के लिए इन देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच बातचीत चल रही है।

बता दें कि, अफगानिस्तान अगस्त में तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करने वाला है। अब इस सीजी में यूएई को भी शामिल करने की योजना बनाई जा रही है। जिससे ये सीरीज त्रिकोणीय सीरीज बन जाएगी। साथ ही ये भी बताते चलें कि, यूएई 2024 एसीसी मेम्स प्रीमियर कप के लिए क्वालीफाई करने वाली आठ टीमों में से एक है।

वहीं पाकिस्तान के भारत आने से इनकार करने के बाद इस सीरीज को पूरी तरह से यूएई में भी आयोजित किया जा सकता है। अगर इसे यूएई में आयोजित किया जाता है तो त्रिकोणीय सीरीज भी वहां खेली जा सकती है। इसलिए त्रिकोणीय सीरीज पाकिस्तान के लिए एक तरह से बूस्टर का काम करेगी जिसे ने 2012 के बाद से एशिया कप नहीं जीता है।

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा, लेकिन हम जानते हैं कि हमें कहां पहुंचना है: मैकुलम




**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरूआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला में वेस्टइंडीज का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं।

मैकुलम ने आगे कहा, यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरूआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि इंग्लैंड के गेंदबाजी विकल्पों पर पूरा भरोसा है।

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है। उन्होंने कहा, स्पिन विभाग मेंहमारे पास शोएब बशीर हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार अपने खेल में सुधार कर रहे हैं। हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ हमारी परीक्षा होगी और वे पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे।

भारत अनुभवी विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के बिना एक नए युग की शुरूआत करेगा। यह तीनों खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। भारतीय टीम की अगुआई शुभमन गिल करेंगे और इसमें साई सुदर्शन और यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड ने ऑलराउंडर जैकब बेथेल को फिर से टीम में शामिल किया है और मैकुलम ने इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की जमकर प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, बेथेल के सामने अभी लंबा करियर है। वह अभी केवल 21 साल का है और उसके पास अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका है। वह ड्रेसिंग रूम में पहले ही अपनी पैठ बना चुका है। मैकुलम ने जेमी स्मिथ और बेन डकेट का भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा, जेमी स्मिथ और बेन डकेट ने मुझे टेस्ट मैच में डकेट और जैक क्रॉली की जोड़ी की याद दिला दी है। हम जानते हैं कि डकेट कितने अच्छे बल्लेबाज हैं, लेकिन स्मिथ के पास जो ताकत है वह अद्भुत है।

# बीसीसीआई अपेक्स काउंसिल की बैठक, आईपीएल में जीत के बाद जश्न को लेकर नियम बना सकता है बोर्ड



**बंगलूरू।** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की दुखद घटना के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शनिवार को होने वाली 28वीं शीर्ष परिषद बैठक के एजेंडे में प्रमुख मुद्दों में शामिल होगा। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

यह घटना पिछले बुधवार को घटी थी, जब लगभग 2.5 लाख प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में उमड़ पड़े थे। इसके कारण भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 घायल हो गए थे। बीसीसीआई ने हालांकि माना कि समारोह का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता था, लेकिन अब इस मामले पर बैठक के दौरान औपचारिक रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'बैठक के दौरान आईपीएल जीत के जश्न के लिए नियम बनाने की जरूरत पर चर्चा की जाएगी।' इस बैठक में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली आगामी सीरीज के लिए स्थलों के चयन पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा बैठक में आयु सत्यापन की मौजूदा प्रक्रिया की समीक्षा किए जाने की संभावना भी है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसका उद्देश्य आयु-समूह क्रिकेट में, विशेष रूप से अंडर-16 (लड़के) और अंडर-15 (लड़कियां) श्रेणियों में आयु-धोखाधड़ी को रोकना है।

# इंग्लैंड के उपकप्तान बोले: भारतीय टीम में टैलेंट की कमी नहीं ; विराट कोहली की चमक मिस करेंगे 16 साल से जीत का इंतजार




**भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत को इंग्लैंड में 2011, 2014 और 2018 में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 2021-22 की सीरीज ड्रॉ रही थी।**

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के उपकप्तान ओली पोप का कहना है कि भारतीय क्रिकेट टीम में काफी टैलेंट है, लेकिन उसे विराट कोहली की कमी खलेगी।

टीम इंडिया अभी इंग्लैंड दौरे पर है, उसे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।

भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने आईपीएल के दौरान ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था।

ओली पोप ने कहा कि भारत की टीम युवा है, लेकिन इनके खिलाड़ियों में बहुत टैलेंट है। उनके पास बहुत से युवा और अच्छे खिलाड़ी हैं। कप्तान शुभमन गिल शानदार हैं। लेकिन उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।

पोप ने यह भी कहा, भारतीय टीम के पास कुछ अच्छी प्रतिभाएं हैं। वे आत्मविश्वास से भरे होंगे। हमारे खिलाड़ी भी इसके लिए तैयार हैं।

एशेज ट्रॉफी से पहले भारत के साथ सीरीज महत्वपूर्ण ओली पोप ने कहा कि एशेज ट्रॉफी से पहले भारत के साथ यह सीरीज हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। भारत के साथ खेलने का यह एक बेहतरीन समय है। पिछली गर्मियों में हम वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ खेले थे।

भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत को इंग्लैंड में 2011, 2014 और 2018 में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 2021-22 की सीरीज ड्रॉ रही थी।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय 11वें योग दिवस की तैयारियों को लेकर विकास भवन में हुई महत्वपूर्ण बैठक

## सभी विभागों से योग दिवस को लेकर कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के दिए निर्देश





- 15 जून से होगा योग सप्ताह का शुभारंभ, प्रतिदिन अलग-अलग जगहों पर किए जाएंगे योग कार्यक्रम।
- 21 जून को भव्य तरीके से मनाया जाएगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अन्तर्राष्ट्रीय 11वें योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं से कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तो भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाना है ही साथ ही 15 जून से योग सप्ताह का शुभारंभ होगा। जनपद में अलग-अलग स्थानों पर योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जनपद के समस्त विभागों के प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि जहां मौजूद रहे वहीं जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नगर, पंतजलि योग संस्थान से प्रतिनिधि, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डाक्टर अशोक राना, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डाक्टर पंकज त्यागी, आयुष विभाग से डाक्टर जोगेन्द्र सिंह, डाक्टर निशंक कुमार, डाक्टर कुलदीप राज, सिविल डिफेंस से अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पार्षद विनय चौधरी ने किया सीसी सड़क के साथ 10 एचपी पंप का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-68 ब्रिज विहार में गुरुवार को सीसी रोड की मरम्मत और पंप रिबोर का शुभारंभ किया गया। वार्ड 68 के क्षेत्रीय पार्षद विनय चौधरी ने विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सी ब्लॉक रेलवे फाटक से लेकर नरेंद्र रावत के मकान नंबर सी-380 तक बनी नई सीसी रोड का उद्घाटन किया गया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है। इसके पश्चात बी ब्लॉक डबल स्टोरी, दिनेश राशन वाले पार्क में 10 एचपी पंप रिबोर का उद्घाटन किया गया, जिससे क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।



इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह, यादराम चौधरी, अशोक पांडेय, सुशील सिंह, सूमा सिंह, विभूति यादव, भावेश, दीप्ति, सरोज तिवारी, मास्टर, गुल्लू, जगदीश्वर प्रसाद सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक पांडेय ने किया।




### दुकानों का किराया कम हो गया क्या, जो हाउस टैक्स का तीर लपक रहे हो

हाउस टैक्स के मुद्दे में तकरार ही तकरार है और तकरार का सीन ये है कि इधर भी सरकार है और उधर भी सरकार है। सरकार के अफसर ने हाउस टैक्स बढ़ा दिया। सरकार के अफसर ने बढ़ोत्तरी को जायज बता दिया। सरकार वाले दल के एक्स पार्षद रण में कूदे और कहा जनता माफ नहीं करेगी। सरकार वाले पार्षदों ने बैठक कर ली और सरकार वाले दल की मेयर ने न्यूट्रल गियर डाल लिया। साईकिल वालों, हाथी वालों और हाथ वालों ने अपने लहजे से जता दिया कि कल का बढ़ता आज बढ़ो और दस गुना बढ़ता सौ गुना बढ़ो। हमें इससे कोई मतलब नहीं। व्यापार मंडल वाले रण में कूदे हैं और कमाल ये है कि ये सारे के सारे कमल ब्रांड व्यापार मंडल हैं। कोई मिस्डकाली भाजपाई है तो कोई जुबान से भौकाली भाजपाई है। वो आंदोलन की बात कह रहे हैं और तफरी व्यापार मंडल वाले ने ली। उसने कहा कि इन क्रान्तिवीरों से बस इतना पूछ लो कि क्या 1702 दुकानों का किराया इनके आंदोलनों से 2 रूपये भी कम हो गया। दो मेयर बदल गईं और किराया कम नहीं हुआ। अरे जब तुम्हारे आंदोलन से तुम्हारी दुकानों के किराये निगम ने कम नहीं किये तो तुम क्या सोच रहे हो कि तुम्हारे इस ज्ञापन से हाउस टैक्स कम हो जायेगा। ये क्रान्ति भी पार्षद लेकर आयेंगे।

### अब हमें संगठन में आना होगा तो हमारा नाम ऊपर से आयेगा

नई टीम आनी है और सुना है कि नए वालों ने मन ही मन संकल्प ले लिया है कि पुराने वालों को तो कतई नहीं लूंगा। वो सबकुछ बदलवा रहे हैं और इधर पुराने वाले हैं कि वो भी अब खुद को बदल रहे हैं। किसी को उम्मीद है कि वो क्षेत्र वाली टीम में आ जायेंगे। किसी ने कहा कि प्रदेश से लेकर क्षेत्र तक मोर्चे बहुत हैं और मोर्चों में पद बहुत हैं। इसलिए हमसे भले वो लाख मोर्चा खोलें हम पर कोई फर्क नहीं पड़ता। ओल्ड देवतुल्य ने बोल्ड तरीके से कहा कि उनके हाथ में तीन से ज्यादा वाला सीन है भी नहीं। इसलिए अगर हमारा नाम आयेगा तो ऊपर से आयेगा। क्योंकि नीचे वालों के बसका नहीं है उद्धार करना।

### ये अफसर टोला है और इनके आगे भला कौन सा मेयर बोला है

निगम वाले साहब ने टैक्स बढ़ाया और उनका गुण देखिये कि कई गुणा बढ़ाकर टैक्स वाले अधिकारी की जुबान से कहलवा दिया कि बस दो गुना ही तो बढ़ाया है। पार्षद टोला इकट्ठा हो रहा है और संकल्प ले रहा है कि बढ़ने नहीं देंगे और उनकी मुखिया ने बेहद सस्पेंस वाली खामोशी साध ली है। किस्सा निगम वाले पुराने योद्धा की जुबान पर आया तो उन्होंने बताया कि साहब ये अफसरी टोला है और इनके सामने भला कौन बोला है। उन्होंने कहा कि पहले वाले तंवर साहब ने भी सर्किल रेट वाला काम किया था। जब ऑब्जेशन मांगे गये थे तब आप यकीन मानना कि इसी सदन को मिलाकर, पूरे 100 वार्डों को मिलाकर, पूरे शहर को मिलाकर महज 7 आपत्तियां आई थी। अब बात चल रही है तो उन वालों की भी सुन लो जो पीली ईंटे, काली ईंटे देख रहे थे। साहब जब लीव से लौटे थे तो ऐसा क्या हुआ था कि फिर उन वाले मेयर ने लीव द क्रान्ति वाला सीन छोड़कर शांति धारण कर ली थी। फिर उन्होंने भी अपनी जुबान को संभाला और सिर्फ इतना कह डाला कि पुराना शिजरा खंगाल लो साहब ये अफसरी टोला है और इसके आगे किसी की नहीं चलती और कोई नहीं बोला है।

# प्रीति जैन ने किया नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन

## हर वादा होगा पूरा, बस थोड़ा धैर्य बनाकर रखें : पार्षद



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 99 में जल-जमाव से लोगों को मिलेगी मुक्ति, आवागमन होगा आसान पार्षद प्रीति जैन ने बताया कि गुरुवार को नाले का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया गया।

पार्षद प्रीति जैन ने कहा कि नगर निगम इंदिरापुरम वार्ड 99 क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए दिन-रात प्रयास कर रही हूं। हर एक वादा पूरा करने का प्रयास कर रही हूं, बस थोड़ा धैर्य बना के रखें। गुरुवार को वार्ड-99 वैभव खंड स्थित मिडिल सर्किल रोड, जिस पर अमरपाली ग्रीन, महागुण मेंशन, एचआरसी, कृष्णा अपरा सफायर, लोटस पॉन्ड, अमरपाली रॉयल एवं जीसी ग्रैंड जैसी प्रमुख सोसायटियां जोड़ने वाले नाला बने जा रहा है। वार्ड की सबसे बड़ी समस्या जलभराव की नाला बनने से खत्म हो जाये गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अभिनव जैन, सुधीर आर्य, सतबीर शर्मा, मुनीश जैन, अशोक पाठक, आलोक आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली-एनसीआर में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## गाजियाबाद पुलिस ने 5 आरोपियों को पकड़ा, 11 वाहन और स्मार्ट चाबियां बरामद





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और चोरी में इस्तेमाल की जाने वाली चार स्मार्ट चाबियां बरामद की गई हैं। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नोएडा के रोहित और आकाश, मेरठ के नीरज, मध्य प्रदेश के सागर और गाजियाबाद के आशु शामिल हैं। ये सभी वाहन चोरी में मिडिलमैन का काम करते थे। आरोपी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में वाहन चोरी करते थे। खासतौर पर मॉल के आसपास से वाहन चुराते थे। चोरी के बाद वाहनों को नाले के किनारे घनी झाड़ियों में छिपा देते थे। फिर अपने सरगनाओं को सप्लाई कर देते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों पर गौतमबुद्धनगर, दिल्ली और बागपत में आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।




## किन तीन एसीपी में चल रही है फाइट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में एसीपी तैनात हैं। जहां हर अधिकारी का अपना अलग वर्किंग स्टाइल है, तो कई एसीपी अपने वर्किंग से पहचान रखते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से दो एसीपी के जाने के बाद से यहां चर्चा चलती है कि अब यहां कौन एसीपी नंबर वन है। वैसे तो एसीपी स्तर के तमाम अधिकारी है लेकिन इन दिनों टीआरपी में तीन एसीपी नंबर फाइट में बने हुए हैं। उनके बीच नंबर एक वाली रेस चलने की भी जानकारी दी जा रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि गजब की बात यह है कि नंबर एक की रैंक पर काबिज होने वालों में तीनों ही जोन के एसीपी दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। बात सिटी के उस सर्किल की बताई जा रही है जहां ऑपरेशन ठोको सबसे ज्यादा किया गया है। तो वहां के एसीपी लगातार इनकाउंटर वाली बाइट में नजर आते हैं। तो वहीं नदिया पार के सबसे खास सर्किल कहे जाने वाले इलाके के एसीपी भी किसी मामले में पीछे नहीं चल रहे हैं। लूट, हत्या, चोरी और



साइबर फ्रॉड खुलासों के मामलों से लेकर मीडिया और अधिकारियों के बीच मैनेजमेंट में उनकी पकड़ और उनका सरल व्यवहार टीआरपी में उन्हें टॉप पर बनाता है। तो वहीं इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले देहात में मैडम एसीपी भी लगातार गुड वर्क और बड़े खुलासों में बाइटें जारी कर बता रही है कि वह भी दोनों एसीपी को जमकर टक्कर दे रही हैं। बीते दिनों उन्होंने दो ऐसे मामलों के खुलासों में अहम भूमिका निभाई है। जो एक सर्किल के लिए बड़ा सवाल खड़ा कर रहा था, तो दूसरे मामले में उनकी बाइट देहात वाले खास गांव के मामले को लेकर बदमाश पकड़ने वाली आई है। कुल मिलाकर तीनों एसीपी ऐसे हैं, जो इन दिनों टीआरपी की रैंकिंग के साथ वर्किंग वाली लिस्ट में भी टॉप पर बने हुए हैं। इनका वर्किंग स्टाइल इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट के जोन से लेकर पुलिस ऑफिस तक चर्चा का विषय बना हुआ है। वैसे भी कमिश्नरेट गाजियाबाद से टॉप टू वाले दो एसीपी कुछ समय पहले ही यहां से विदाई ले चुके हैं, पर वर्तमान कमिश्नरेट वाले सिस्टम का नंबर वन एसीपी कौन है, इसको लेकर लगातार ब्लू कैप इधर से उधर घूम रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी नंबर वन का फाइनल ताज किसके सर पर आता है।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाया संत कबीर साहेब प्रकटोत्सव





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जी टी रोड स्वरुप पार्क के ज्ञानपीठ केन्द्र 1 लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक, अध्यक्ष राम दुलार यादव द्वारा संत शिरोमणि कबीर साहेब का प्रकटोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. देवकर्ण चौहान, संचालन अनिल मिश्र, आयोजन इंजी धीरेन्द्र यादव ने किया। कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों ने संत कबीर साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण कर समाज में नफरत और असहिष्णुता के वातावरण को दूर कर अज्ञानता के अंधकर को मिटाने और प्रकाश फैलाने का संकल्प लिया, कार्यक्रम को राम प्यारे यादव, विनोद त्रिपाठी, वीर सिंह सैन और चन्द्रबली मौर्य ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह, राज कुमार मिश्र, हुकुम सिंह ने भजन और कबीर साहेब के प्रेरणादायक दोहे सुना सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया।

राम दुलार यादव ने कहा कि संत कबीर के उपदेश मानव कल्याण के लिए आज भी प्रासंगिक है, उन्होंने मूर्ति पूजा का खंडन, स्वर्ग और नर्क के अस्तित्व का विरोध और तीर्थ, व्रत, स्नान को अज्ञानता, रुढ़िवाद, अन्धविश्वास, अंधश्रद्धा माना, उनका मानना था। कि निर्मल मन, प्रेम, भक्ति द्वारा हम मानवता का कल्याण कर सकते है, आज पूरा विश्व अशांत है, भौतिक संसाधनों के बाद भी मानव घोर निराशा में जीवन जीने पर अभिशप्त है। युद्ध की विभीषिका चारों दिशाओं में छाई हुई है, महात्मा कबीर के सन्देश से ही मानवता अन्धकार, अज्ञानता, अन्धविश्वास, पाखंड से मुक्ति पा सकती है, हम आज 21वीं सदी में अँधेरी सुरंग में फंसे रास्ते की तलाश में है, वह रास्ता महात्मा कबीर के ज्ञानमार्ग से मंजिल तक पहुंचा सकता है। उन्होंने सभी धर्मों में व्याप्त कुरीतियों, रुढियों का विरोध किया, मानव मूल्यों को स्थापित करने के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे।

इस अवसर पर राम दुलार यादव, विनोद त्रिपाठी, वीर सिंह सैन, विजय भाटी एडवोकेट, राजेन्द्र सिंह, राजपाल यादव, चुन्नी लाल चौरसिया, राम प्यारे यादव, सम्राट सिंह, एस० एन० जायसवाल, ब्रह्म प्रकाश, मुनीव यादव, हुकुम सिंह, अनिल मिश्र, सी० बी० मौर्य, ओम प्रकाश अरोड़ा, राज कुमार मिश्र, हरेन्द्र यादव, विजय मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली की युवती ने लगाया यौन शोषण का आरोप

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** दिल्ली की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती ने मुरादनगर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। युवती के अनुसार, आरोपी से उसकी मुलाकात 12 साल पहले हुई थी। आरोपी ने शादी का वादा करके उसका यौन शोषण किया। हाल ही में युवती को पता चला कि आरोपी की पहले से ही शादी हो चुकी है और उसके बच्चे भी हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी दूसरे समुदाय का है। शिकायत करने पर आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# महिला सुरक्षा को लेकर महानगर महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरूवार को महानगर महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर गाजियाबाद के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। देश व प्रदेश में बढ़ रही महिला अत्याचार की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए यह ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रशासन से तत्काल प्रभाव से सुरक्षा उपायों की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था की नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की भी जिम्मेदारी है। जब तक हर महिला सुरक्षित महसूस नहीं करती, तब तक हमारी जिम्मेदारी अधूरी है। गाजियाबाद महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष एडवोकेट खुशनुमा ने कहा कि हम महिला कार्यकर्ता केवल ज्ञापन देने नहीं, बल्कि बदलाव लाने निकले हैं। प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रभारी पूजा चड्ढा ने कहा कि महिलाओं की आवाज अब दबेगी नहीं। हम हर स्तर पर आवाज उठाते रहेंगे जब तक महिलाओं को उनका पूरा हक और सुरक्षा नहीं मिलती। बुलंदशहर कोऑर्डिनेटर नरेंद्र राठी ने प्रशासन से यह मांग की कि सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, महिला हेल्पलाइन नंबरों को और सक्रिय किया जाए, और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस प्रतिनिधिमंडल में कई वरिष्ठ महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थीं जिन्होंने मिलकर महिला सुरक्षा की आवाज बुलंद की। इसमें मुख्य रूप से शामिल रही एडवोकेट तृप्ति शर्मा, एडवोकेट श्वेता, सुनीता, अनीता पांडे, रिमघिम, अंजू, संगीता, दीप्ति, अफसाना, अंजुम, मुकेश, पीसीसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, पीसीसी सदस्य राजा राम भारती, वरिष्ठ कोंग्रेसी राजेंद्र शर्मा जी आदि लोग सिम्मलित हुए।

# बदहाल है पार्कों की स्थिति, जिम्मेदार लोग बेखबर







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** स्कूलों की छुट्टी के बाद भीषण गर्मी में बच्चे परेशान हो रहे हैं। पार्कों की स्थिति बदहाल होने के कारण वह सुबह और शाम खेल नहीं पा रहे हैं। वार्ड 68 बृज विहार कलोनी के पार्कों में कहीं झाड़ियां खड़ी हैं तो कहीं जमीन उबड़खाबड़ होने के कारण बच्चों के गिरने का खतरा है। नगर निगम द्वारा सैकड़ों पार्क बनवाए गए हैं लेकिन देखरेख के अभाव में इनकी हालत दिन ब दिन बद्तर होती जा रही है। कालोनियों में बने पार्कों में जहां अवैध कब्जा किया हुआ है, वहीं कई कालोनियों में पार्कों की बदहाली का आलम यह है कि कहीं पार्कों में तो कहीं पार्क के नाम पर केवल खाली जमीन पड़ी हुई है। पार्कों में बच्चों के लिए झूले, बुजुर्गों के बैठने के लिए बेंच न होने के कारण बच्चे और बुजुर्ग परेशान होकर सड़कों पर खेलने और टहलने के लिए मजबूर हैं।

श्रीराम पार्क जमीन की चहारदीवारी भी की गई है, लेकिन सुविधाओं के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। जिसके चलते पार्क कम प्लॉट अधिक दिखता है। बताया जा रहा है कि कॉलोनी के लोगों ने कई बार पार्क में काम कराने की मांग की लेकिन कोई कदम नहीं उठाए गए। कई झूले कालोनी में बच्चों के खेलने के लिए बनाए गए पार्कों में बच्चों के लिए कोई सुविधाएं नहीं हैं। पार्क में लगाए गए झूले टूट चुके हैं। जिसके चलते पार्क में केवल पेड़-पौधे दिखाई देते हैं। लोगों के बार-बार मांग करने के बाद भी पार्कों में काम कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।





उद्यान प्रभारी डॉ अनुज ने बताया कि कई पार्कों की मरम्मत का कार्य चल रहा है। ओर अभी ओपन जिम भी एक पार्क में लगवाया गया है। जल्द ही पार्कों में बच्चों के लिए झूले आदि की व्यवस्था कराते हुए पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### ईरान में लोगों पर गोली चलाने वाले आरोपी को फांसी

**ईरान।** ईरान ने 2022 में महसा अमिनी की मौत पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान सात लोगों पर घातक गोलीबारी के दोषी अब्बास कौरकुरी को बुधवार को फांसी दे दी। हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि दोषी व्यक्ति को हत्या कबूल करने के लिए प्रताड़ित किया गया था। बता दें कि अमिनी की मौत के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शनों में गिरफ्तार किए गए किसी व्यक्ति को एक वर्ष में दी गई पहली फांसी है। अमिनी को पुलिस ने इसलिए हिरासत में लिया था क्योंकि उसने हिजाब नहीं पहना था। उसकी मौत के बाद कई महीनों तक विरोध और हिंसक प्रदर्शन हुए थे।

### जापान की राजकुमारी काको ब्राजील दौरे पर, राष्ट्रपति लूला से की मुलाकात

**जापान।** जापान के सम्राट नारुहितो की भतीजी और क्राउन प्रिंस अकिशिनो की बेटी राजकुमारी काको इन दिनों 11 दिवसीय ब्राजील दौरे पर हैं। जहां बुधवार को उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मुलाकात की। यह मुलाकात निजी समारोह के रूप में हुई।

जापान और ब्राजील के बीच राजनयिक संबंधों की 130वीं वर्षगांठ के मौके पर राजकुमारी काको ने ब्राजील की संसद को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिन जापानी लोगों ने ब्राजील में आकर मेहनत की, और जो ब्राजीली जापान गए, उनकी कोशिशों ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को मजबूत किया है। मैं चाहती हूं कि यह रिश्ता लंबे समय तक बना रहे।

### पाकिस्तान के पूर्व विदश मंत्री की गीदड़भभकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध हुआ तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस बार रोक नहीं पाएंगे। साथ ही बिलावल ने भारत को जलयुद्ध की भी धमकी दी। अमेरिका दौरे पर गए बिलावल भुट्टो ने वॉशिंगटन डीसी में मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट में मीडिया बातचीत में भारत पर बलूचिस्तान में दखलंदाजी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों को मदद देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, क्या हर आतंकी हमले के बाद भारत के साथ युद्ध होना चाहिए। पाकिस्तान शांति चाहता है, जो दोनों देशों के हित में है। बिलावल ने कहा कि इस साल पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ा है। अगर हिंसा इसी तरह जारी रही, तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है।

### ऑस्ट्रिया में स्कूल में गोलीबारी के बाद शोक मनाया

**ऑस्ट्रिया।** ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में हुई गोलीबारी में 10 लोगों की मौत पर देशवासियों ने बुधवार को एक मिनट का मौन रखकर शोक मनाया। इस हमले को अंजाम देने वाले बंदूकधारी ने बाद में आत्महत्या कर ली। हालांकि, इस गोलीबारी को अंजाम देने की उसकी मंशा अब भी अस्पष्ट है। ऑस्ट्रिया ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद देश में सबसे बड़े हमले के बाद तीन दिनी राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। इस बीच, जांचकताओं को संदिग्ध के घर की तलाशी में एक विदाई पत्र और एक निष्क्रिय पाइप बम मिला। पुलिस ने कहा है कि उसने दो हथियारों- एक शॉटगन और एक हैंडगन का इस्तेमाल किया, जो उसने कानूनी रूप से प्राप्त की थीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्वीकार किया कि पत्र के आधार पर वे किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाए हैं। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने भी पत्र मिलने की पुष्टि की है। एजेंसी

### एरिजोना गवर्नर ने रोका यहूदी शिक्षा संबंधी अहम बिल

**एरिजोना।** एरिजोना की गवर्नर केटी हॉब्स ने उस प्रस्ताव को वीटो कर दिया है, जिसके तहत राज्य के सरकारी स्कूलों, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में यहूदी-विरोधी शिक्षा देने पर प्रतिबंध लगाया जाना था। प्रस्ताव में नए नियमों का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई व मुकदमा चलाने का प्रावधान भी था। डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़ी गवर्नर ने कहा, यह विधेयक यहूदी-विरोध को लेकर नहीं है, बल्कि शिक्षकों पर हमला करने को लेकर है।

### हवाई में फिर फटा दुनिया का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी

**हवाई।** हवाई द्वीप पर मौजूद दुनिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक, किलाउए ज्वालामुखी ने एक बार फिर लावा उगलना शुरू कर दिया है। बुधवार को इसके उत्तर दिशा वाले वेंट से तेजी से लावा निकलने लगा। यह इसी ज्वालामुखी के लगभग छह महीने पहले शुरू हुए विस्फोट की 25वीं कड़ी है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस बार लावा की धाराएं 330 फीट (करीब 100 मीटर) तक ऊपर उठीं और कई दिशाओं में बहने लगीं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के हवाई ज्वालामुखी वेधशाला के अनुसार, इन लावा की ऊंचाई और भी ज्यादा बढ़ सकती है। मंगलवार को विस्फोट से पहले गैस-पिस्टनिंग नाम की प्रक्रिया देखी गई। इसमें ज्वालामुखी के वेंट में गैस इकट्ठा होती है, जिससे लावा का स्तर ऊपर-नीचे होता है। जब गैस दबाव बनाकर बाहर निकलती है, तो लावा स्प्लैश या धाराओं के रूप में बाहर आता है। इस तरह की गतिविधि मंगलवार को हर घंटे 10 बार तक देखने को मिली और फिर बुधवार को यह एक स्थिर डोम फव्वारे में बदल गई, जिससे क्रेटर के फर्श पर लावा फैलने लगा।

### हैती में गैंग हिंसा से हाहाकार, 13 लाख लोग बेघर

हैती में गैंग हिंसा अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संस्था (आईओएम) ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि देशभर में रिकॉर्ड 13 लाख लोग हिंसा के चलते अपने घर छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। यह दिसंबर 2023 के मुकाबले 24% की बढ़ोतरी है। गैंग हिंसा का सबसे बुरा असर राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस और उसके आसपास के इलाकों में देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हैती की 12 करोड़ की आबादी में से 11% लोग अब विस्थापित हो चुके हैं। राजधानी के उत्तर की दो सबसे बड़ी रीजन में ही 2.3 लाख लोग बेघर हो गए हैं। स्थानीय सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोनों ही इस बिगड़ती स्थिति को रोकने में संघर्ष कर रहे हैं। बढ़ते अपराध, अपहरण और बंदूकधारियों के कब्जे से हालात हर दिन और ज्यादा गंभीर हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जल्द से जल्द मानवीय सहायता और सुरक्षा उपायों में सहयोग करने की अपील की है।

### माली में सैन्य प्रमुख को पांच साल और सत्ता में रखने वाला विवादित बिल पारित

**माली।** माली में सैन्य सरकार को लेकर बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बुधवार को माली की मंत्रिपरिषद (काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स) ने एक विवादास्पद बिल को मंजूरी दी, जिससे देश के सैन्य शासक जनरल असीमी गोइता को 2025 से शुरू होने वाला पांच साल का नया कार्यकाल मिल सकेगा। यह कार्यकाल पुन: नवीकरणीय होगा। जनरल गोइता ने 2020 और 2021 में दो बार तख्तापलट कर माली की सत्ता पर कब्जा किया था। तब से वह देश की सैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। यह बिल ट्रांजिशन चार्टर (संक्रमण पत्र) में संशोधन का प्रस्ताव करता है और सैन्य सरकार द्वारा अप्रैल में आयोजित राष्ट्रीय संवाद की सिफारिशों पर आधारित है। हालांकि इस संवाद का राजनीतिक दलों ने बहिष्कार किया था।

### रूसी अदालत ने नवलनी के सहयोगी को 18 साल की सजा सुनाई

विरोधियों के खिलाफ रूस की सरकार की कार्रवाई जारी है। रूस की अदालत ने एक विपक्षी नेता और दिवंगत विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी के करीबी लियोनिद वोल्कोव को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया है। साथ ही एक अन्य विपक्षी नेता को उसके घर में ही नजरबंद कर दिया है। लियोनिद वोल्कोव को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को 18 साल की जेल की सजा सुनाई गई। वोल्कोव को आतंकवाद को उचित ठहराने, एक चरमपंथी समूह को संगठित करने और वित्तपोषित करने, नाजीवाद का पुनर्वास करने और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाने सहित 40 मामलों में दोषी ठहराया गया। वोल्कोव पर 25 हजार डॉलर का जुमार्ना भी लगाया गया है और साथ ही 10 साल तक उनके इंटरनेट इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### 'ऑटो टैरिफ सेफगार्ड नहीं, बातचीत का कोई आधार नहीं' भारत की डब्लूटीओ अपील पर अमेरिका का जवाब

अमेरिका ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) को बताया है कि उसके द्वारा ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स पर लगाए गए टैरिफ सेफगार्ड (रक्षा उपाय) नहीं हैं, इसलिए भारत की इस पर आपत्ति और डब्ल्यू में बातचीत की मांग का कोई आधार नहीं है। हाल ही में भारत ने डब्ल्यूटीओ के सेफगार्ड एग्रीमेंट के तहत अमेरिका से बातचीत की मांग की थी। भारत का कहना है कि अमेरिका ने 25% टैरिफ बढ़ाकर ऑटो और ऑटो पार्ट्स के आयात पर जो रोक लगाई है, वह सेफगार्ड उपाय के तहत आती है। मामले में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को दिए बयान में कहा कि हमने ये टैरिफ जीएटीटी 1994 या सेफगार्ड एग्रीमेंट के तहत नहीं लगाए हैं। इसलिए भारत की बातचीत की मांग इन नियमों के तहत मान्य नहीं है। हालांकि अमेरिका ने कहा कि वह भारत से इस मुद्दे पर बातचीत को तैयार है, लेकिन यह सेफगार्ड एग्रीमेंट के तहत नहीं होगी।

# चीन-अमेरिका: समझौते से वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था में आएगी स्थिरता; भारतीय आईटी फर्मों पर पड़ेगा यह असर







**वांशिगटन।** अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। इनके बीच व्यापार समझौता होने से वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था में अधिक स्थिरता आएगी। विशेषज्ञों के अनुसार समझौता वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता को कम करेगा। इससे भारत को भी लाभ होगा। वैश्विक आर्थिक सुस्ती की आशंका कम होने से आईटी और मेटल जैसे क्षेत्रों को लाभ हो सकता है। उदाहरण के लिए अमेरिकी कंपनियों की ओर से चीनी तकनीक पर निर्भरता कम करने से भारतीय आईटी फर्मों को अधिक काम मिल सकता है। मेटल की मांग भी बढ़ सकती है।

यह समझौता भारत को अपनी आंतरिक प्रतिस्पर्धात्मकता और 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूत करने के लिए प्रेरित करेगा। भारत को केवल टैरिफ लाभों पर निर्भर रहने की बजाय अपनी उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता और लागत-दक्षता में सुधार करना होगा। सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं और कुशल कार्यबल भारत को एक लचीला और आकर्षक मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने में मदद कर सकते हैं। डेसकार्टेस डाटामाइन के आंकड़ों के अनुसार ट्रंप की ओर से पूर्व में चीन से आयातित वस्तुओं पर 145% टैरिफ लगाने के कारण अमेरिका के आयात में गिरावट आ गई थी। इसे देखते हुए दोनों-देशों के बीच समझौता होना जरूरी हो गया था।

#### चीन और अमेरिका के लिए यह डील क्यों है अहम

रेयर अर्थ मिनरल्स (दुर्लभ पृथ्वी धातुएं) जैसे खनिज स्मार्टफोन, बैटरी, रक्षा उपकरण और हाईटेक उद्योगों के लिए जरूरी हैं। अमेरिका लंबे समय से इन खनिजों के लिए चीन पर निर्भर रहा है। दूसरी ओर चीनी छात्रों को अमेरिकी शिक्षा प्रणाली तक पहुंच देना, दोनों देशों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करेगा। यह समझौता व्यापार, शिक्षा और जियो पॉलिटिकल मोर्चे पर अमेरिका-चीन संबंधों में एक नया अध्याय खोल सकता है।

#### अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अब भारत का फोकस

यह समझौता साफ संदेश हैं कि भारत को अमेरिका के साथ जल्द से जल्द एक अनुकूल द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना चाहिए। अगर भारत अमेरिका के साथ एक मजबूत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर लेता है तो वह चीन पर टैरिफ लाभ को बरकरार और अपनी निर्यात बढ़ोतरी की रफ्तार को बनाए रख पाएगा।

#### अमेरिका 55 फीसदी टैक्स किस तरह वसूलेगा

इस बीच, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते के बाद चीन से आने वाले सामानों पर अमेरिका कुल 55 फीसदी टैक्स लगाएगा। इसमें 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ (समानता बनाए रखने के लिए), 20 प्रतिशत टैरिफ फेंटानाइल तस्करी के खिलाफ और 25 फीसदी पहले से लागू टैरिफ का हिस्सा रहेगा। जबकि, अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर चीन सिर्फ 10 फीसदी टैक्स लगाएगा।

# ईरान में सैन्य ऑपरेशन की तैयारी में इस्राइल अमेरिका ने नागरिकों को इराक छोड़ने की दी सलाह

**नई दिल्ली।** इस्राइल ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने की पूरी तैयारी कर रहा है। यह दावा सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में किया गया है। इसे देखते हुए अमेरिका ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने नागरिकों को इराक छोड़ने की सलाह दी है, क्योंकि अमेरिका को डर है कि अगर ऐसा हुआ तो ईरान पड़ोसी इराक में कुछ अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई कर सकता है। सीबीएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के विदेश विभाग ने बढ़े हुए तनाव के कारण गैर-आपातकालीन सरकारी अधिकारियों को इराक छोड़ने का आदेश दिया है।



#### मध्य पूर्व के कुछ देशों से बाहर निकाले जा रहे अमेरिकी सैन्य कर्मी: ट्रंप

राष्ट्रपति ट्रंप ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को कैनेडी सेंटर में लेस मिजरेबल्स के प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान कहा कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों को मध्य पूर्व के कुछ देशों से बाहर निकाला जा रहा है, क्योंकि वहां रहना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमने सैनिकों को बाहर निकलने के लिए नोटिस दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह बहुत साफ है कि हम उन्हें ऐसा नहीं करने देंगे। ट्रंप का यह बयान ईरान के साथ परमाणु वार्ता विफल होने के बाद आया है।

#### परमाणु वार्ता के लिए ईरान जाने की योजना बना रहे विटकॉफ

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व मामलों के दूत स्टीव विटकॉफ आने वाले दिनों में ईरान के साथ उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर छठे दौर की बातचीत के लिए वहां जाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग और सेना ने कहा है कि वो मध्य पूर्व में केवल उन्हीं लोगों को रखेंगे, जिनकी वहां वाकई जरूरत है, क्योंकि परमाणु वार्ता विफल होने के कारण पड़ोसी ईरान के साथ तनाव बढ़ गया है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकियों को घर और विदेश दोनों जगह सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने सभी दूतावासों में उचित कर्मियों की स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। हमारे नवीनतम विश्लेषण के आधार पर, हमने इराक में अपने मिशन के पदचिह्न को कम करने का फैसला किया है।

टाइम्स ऑफ इस्राइल के मुताबिक, अमेरिकी विदेश विभाग ने इराक के साथ-साथ बहरीन और कुवैत में भी अपने दूतावासों से गैर-जरूरी कर्मचारियों और उनके परिवारों को बाहर निकलने की छूट दी है।

#### ट्रंप की आव्रजन नीति पर बवाल

# देशभर में विरोध तेज, लॉस एंजेलिस में कर्फ्यू की पहली रात 20 से ज्यादा गिरफ्तार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इमिग्रेशन नीति के खिलाफ तेज हो रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने लॉस एंजेलिस में कर्फ्यू लागू कर दिया है। कर्फ्यू की पहली रात पुलिस ने 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया, अधिकतर पर कर्फ्यू उल्लंघन का आरोप है। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने भीड़ नियंत्रण गोलों का इस्तेमाल भी किया है।

बता दें कि लॉस एंजेलिस में विरोध प्रदर्शन शुक्रवार से शुरू हुआ और अब पूरे देश में फैल चुका हैं, जिनमें डलास, ऑस्टिन, शिकागो और न्यूयॉर्क शामिल हैं। इन प्रदर्शनों की जड़ में ट्रंप प्रशासन द्वारा देशभर में इमिग्रेशन कानून के तहत छापों की संख्या बढ़ाने की योजना है।

#### गवर्नर की याचिका पर आज होगी सुनवाई

वहीं दूसरी ओर ट्रंप प्रशासन के इमिग्रेशन नीति के तहत तेजी से पड़ने वाले छापे के खिलाफ कोर्ट पहुंचे कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप की इस सैन्य कार्रवाई को सैन्य जाल बताया। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि इमिग्रेशन एजेंसियों की मदद में सैन्य बलों की भूमिका को रोका जाए। हालांकि इस मामले में अदालत गुरुवार को सुनवाई करेगी।

#### लॉस एंजेलिस की मेयर ने जताई नाराजगी

वहीं मामले में लॉस एंजेलिस की मेयर कैरन बैस ने अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का इरादा खतरनाक अपराधियों को पकड़ने का था, लेकिन अब वर्कप्लेस और दुकानों पर छापे पड़ रहे हैं, जिससे आम लोगों में डर फैल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर आप घरों को तोड़ते हैं, माता-पिता और बच्चों को अलग करते हैं, तो आप सुरक्षा नहीं फैला रहे, बल्कि डर फैला रहे हैं।

#### नेशनल गार्ड और मरीन तैनात

फिलहाल 2,000 नेशनल गार्ड के जवान शहर में तैनात हैं। इनमें से आधे संघीय इमारतों की सुरक्षा कर रहे हैं। जल्द ही 700 मरीन भी शामिल होंगे, जो अभी प्रशिक्षण में हैं। गुरुवार तक कुल 4,000 सैनिक सड़कों पर होने की उम्मीद है।

#### अन्य शहरों की कैसी है स्थिति?

वहीं इस कानून के विरोध को लेकर बात अगर अमेरिका के अन्य शहरों की करें तो न्यूयॉर्क के लोअर मैनहैटन में विरोध के दौरान 86 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार अधिकतर प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण थे। वहीं शिकागो में इस प्रदर्शन के दौरान एक 66 वर्षीय महिला कार की टक्कर से घायल हुई। टेक्सास के ऑस्टिन में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने केमिकल स्प्रे का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही सैन एंटोनियो में भी गार्ड तैनात हैं, लेकिन उनकी संख्या और भूमिका स्पष्ट नहीं की गई।


# भारत और पाकिस्तान को एक जैसा बता रहा अमेरिका, असीम मुनीर को न्यौता मिलने पर कांग्रेस बोली- मंशा क्या है?



**इस्लामाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 14 जून को अमेरिकी सेना दिवस समारोह के लिए पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर को कथित तौर पर आमंत्रित करने के लिए अमेरिका की आलोचना की है और इसे भारत के लिए एक कूटनीतिक झटका बताया है। जयराम रमेश ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पहले असीम मुनीर की टिप्पणियों का भी ज़िक्र किया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। उन्होंने सवाल किया कि असीम मुनीर को आमंत्रित करके अमेरिका क्या कर रहा है।

उन्होंने अमेरिका के निमंत्रण के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट साझा की और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि यह वही व्यक्ति है जिसने पहलगाम आतंकी हमलों से ठीक पहले ऐसी भड़काऊ और उत्तेजक भाषा में बात की थी। अमेरिका वास्तव में क्या कर रहा है? यह भारत के लिए एक और बड़ा कूटनीतिक झटका है। कांग्रेस नेता की यह पोस्ट, आतंकवाद से निपटने के लिए पाकिस्तान की प्रशंसा करने वाले अमेरिका पर उनकी इसी तरह की एक और आलोचना के बाद आई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मुनीर का दौरा भारत के लिए एक और बड़ा कूटनीतिक झटका है। अमेरिका की केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला ने कहा है कि उनके देश को पाकिस्तान और भारत दोनों के साथ संबंध रखने होंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान इस समय आतंकवाद विरोधी लड़ाई में सक्रिय है और वह आतंकवाद विरोधी दुनिया में एक बेहतरीन साझेदार रहा है। उनकी टिप्पणी का हवाला देते हुए रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अभी अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रमुख ने पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी अभियान में एक शानदार साझेदार बताया है।

# नेपाल में मादक पदार्थ रखने के आरोप में चार भारतीय गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल में चार भारतीय नागरिकों को मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने मंगलवार को काठमांडू के बाहरी इलाके में ग्रांडी अस्पताल के पास सुंधरा और तोखा से दो-दो भारतीय नागरिकों को 200 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, तोखा से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल के 40 वर्षीय शशिक आलम और बिहार के 22 वर्षीय मोहम्मद आलम के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर हमला कर दिया और जवाबी कार्रवाई में वे घायल हो गए। दोनों को काठमांडू के नेशनल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, बिहार के 20 वर्षीय सुमित कुमार और 25 वर्षीय चंदन जायसवाल को सुंधरा से गिरफ्तार किया गया।

# हमने मदद नहीं की होती तो लॉस एंजेलिस जल रहा होता', विरोध प्रदर्शन के बीच बोले डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉस एंजेलिस में जारी विरोध प्रदर्शनों और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने समय पर कदम न उठाए होते, तो लॉस एंजेलिस पूरी तरह तबाह हो चुका होता।

ट्रंप ने कहा कि मैं बहुत गर्व से कहता हूं कि मैंने लॉस एंजेलिस को बचाने में मदद की। अगर हमने जो किया वो नहीं किया होता, तो आज यह शहर जलकर खाक हो गया होता। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को कट्टरपंथी वामपंथी उन्मादी बताया और कहा कि इनमें से कई लोग शायद पैसे लेकर ये काम कर रहे हैं।

#### पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर भी बोले ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कुछ देशों से अमेरिकी सैनिकों को हटाया जा रहा है क्योंकि वहां हालात खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने वहां से हटने का नोटिस दे दिया है और देखते हैं आगे क्या होता है। इसके साथ ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी दो टूक चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकते। बिल्कुल साफ है, हम ऐसा नहीं होने देंगे। गौरतलब है कि अपने शुरूआती बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो लॉस एंजेलिस को बचाने का दावा कर रहे थे, वो वहां लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शन और तनाव के संदर्भ में था। बात अगर लॉस एंजेलिस में बढ़ रहे तनाव की करें तो, वहां ट्रंप की इमिग्रेशन नीति के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए, जिसके बाद ट्रंप प्रशासन ने लॉस एंजेलिस में भारी मात्रा में सैनिकों की तैनाती कर दी है।

ट्रंप के इस सख्ती के चलते हाल ये है कि बीते शुक्रवार से शुरू हुआ ये विरोध प्रदर्शन अब पूरे देश में फैल चुका हैं, जिनमें डलास, ऑस्टिन, शिकागो और न्यूयॉर्क शामिल हैं। साफ शब्दों में कहा जाए तो इन प्रदर्शनों की जड़ में ट्रंप प्रशासन द्वारा देशभर में इमिग्रेशन कानून के तहत छापों की संख्या बढ़ाने की योजना है।

#### कनाडा पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी

# भारतीय मूल के 7 लोग गिरफ्तार, दावा- पैसे का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों में होता था



**कनाडा।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था।

इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था।

#### गिरफ्तार तस्करों पर 35 आरोप

6 जून तक मामले में गिरफ्तार गए किए भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह (27) और जॉर्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं।

इनके अलावा 2 अन्य आरोपी मिसिसॉगा के हाओ टॉमी हुइन्ह (27) और हैमिल्टन के फिलिप टेप (39) को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस ने बताया कि इन सभी पर हथियार और ड्रग्स से जुड़े कुल 35 आरोप लगाए गए हैं। पील पुलिस ने कहा, गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है। ओंटारियो के सॉलिसिटर जनरल माइकल एस. कर्जर ने कहा कि प्रोजेक्ट पेलिकन इस बात का सबूत है कि सही संसाधनों के साथ पुलिस हमारे समाज को सुरक्षित रख सकती है।

# निगम करा रहा है पांचों जोन में डेढ़ सौ करोड़ के निर्माण कार्य

## महापौर सुनीता दयाल ने किए उद्घाटन

### चल रहे निर्माण कार्यों का पार्षदों द्वारा लिया जा रहा है जायजा

### 45 कार्यों में नाला निर्माण सहित सड़क सुधार के कार्यों को तेजी से करा रहा है निगम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर के विकास कार्यों को तेजी से कर रहा है जिसमें 15 वित्त 2024- 25 के क्रम में लगभग डेढ़ सौ करोड़ के कार्य शहर में कराए जा रहे हैं जिनका उद्घाटन महापौर तथा क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा कराया गया है। इंदिरापुरम तथा वसुंधरा क्षेत्र में 83 करोड़ के कार्य, सिटी जॉन अंतर्गत 18 करोड़ के कार्य, कवि नगर क्षेत्र में 19 करोड़ के कार्य मोहन नगर क्षेत्र में 18 करोड़ के कार्य तथा विजयनगर क्षेत्र में 3 करोड़ के कार्य निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे हैं जिनकी मॉनिटरिंग मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी के द्वारा की जा रही है।

नाला निर्माण का कार्य हो या फिर सड़क सुधार का कार्य पांचो जोन अंतर्गत लगभग 45 कार्य तेजी से चल रहे हैं रात्रि में भी निर्माण विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है।

इंदिरापुरम, पटेल नगर लोहिया नगर, बिहार नगर, तिग्गरी गोल चक्कर विजयनगर, शालीमार गार्डन बी ब्लॉक, वजीराबाद रोड मोहन नगर, राजेंद्र नगर, भोपुरा डिफेंस कॉलोनी, लाजपत नगर, करेड़ा गगन विहार, वरदान रोड गड़ी गांव, शास्त्री नगर, गोविंदपुरम, बामेटा, दुहाई, वैशाली सेक्टर 1 मदन मोहन मालवीय मार्ग, केला भट्टा, कालका गाड़ी से होली चाइल्ड स्कूल, रईसपुर, वसुंधरा सेक्टर 11, कवि नगर डी ब्लॉक, सहानी मुख्य मार्ग व अन्य निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहे हैं जो कि शहर हित में लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। पार्षदों की देखरेख में चल रहे कार्य गुणवत्तापूर्वक हो रहे हैं जिसकी क्षेत्रीय निवासियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है, चल रही निर्माण कार्यों का पार्षदों द्वारा भी जायजा लिया जा रहा है।

महापौर द्वारा शहर में चल रहे विकास कार्यों पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार जनहित में निर्माण कार्य होंगे मानसून से पहले अधिकांश सड़कों का सुधार हो जाएगा तथा मुख्य नालों का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो जाएगा अवगत कराया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निर्माण विभाग को लगातार चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि येढ़ा बनकर पेड़ा नहीं खाना चाहते हैं मिस्टर डेढ़ा? अपनी तरक्की की आस में वो आध्यात्मिक रास्ता कर रहे हैं पास? सुना है हाल ही में वो भगवा योद्धा को लेकर गये मरघट वाले बाबा के दरबार में अपने साथ? बहुत ही सुंदर दर्शनों का हुआ यहां पर दीदार? डेढ़ा भैया ईश्वर के आशीर्वाद से कुछ बड़ा हासिल करेंगे यार? भगवा योद्धा प्रभु की कृपा उन पर भी वारेंगे, ऐसा है हमारा विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी यहां पर मत खत्म करो डेढ़ा जी की कहानी? हमको एक बात यहां पर आपको है एक और बतानी? वो भले ही ले गये हों प्रभु के पास? मगर योद्धा को भी पता चलनी चाहिए उनके दिल में छुपी अरदास? हम उस छुपी अरदास की आपको देना चाह रहे हैं जानकारी? डेढ़ा जी की चाहत है कि स्वागत के अलावा योद्धा करें उन्हें और भी बड़े कार्यक्रम जारी? उनकी अंदर की फीलिंग है नागर और कसाना की तरह उनको भी दी जाये किसी बड़े कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी बहुत ही स्मार्ट हैं वो दूर तक का कर रहे हैं इंतजार? सुना है अपने क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों की टीम में उन्होंने शामिल करवा दिये हैं अपने ही खास चेहरों के नाम? कहने वाले ने कहा हम आपको सच बता रहे हैं? क्षेत्र का एक भी मंडल अध्यक्ष विधायक जी के ऑर्बिट से नहीं है दूर? जैसा विधायक जी कहते हैं ये वैसा करते हैं हुजूर? भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन्होंने मंडल की टीम में अपने खास चेहरे घुसवा दिये हैं भरपूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही मिस्टर कसाना से संभाला हो पूरी मजबूती से मंच? मगर हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? महामंत्री वाले मैटर में नहीं लगेगा उनका पंच? यहां पर लाईन पार के गुर्जर नेता की बनती दिख रही है हमको बात? कोई उसका क्या बिगाड़ेगा जिस पर हो ध्वज प्रणाम वालों से लेकर ठाकुर साहब का आशीर्वाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में पौधारोपण को लेकर जैसे ही मैम्बर भाटी ने मिलाये क्षेत्र के लोगों को फोन? पार्षद से कहा आपको जरूर इस कार्यक्रम में रहना है? मंत्री जी के कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए बहुत ही मधुर थी भाटी जी की टोन? इस टोन को सुनकर देने वाले दे रहे थे अपनी राय? कह रहे थे जिस तरह से भाटी जी मंत्री जी के लिए मेहनत कर रहे हैं? ऐसा लग रहा है उन्हें अपना राईट हैंड बनाकर बना दिया है हैवीवेट वालों ने क्षेत्र का वॉयसराय?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारे सांसद मंच पर आते ही दे देते हैं कुछ ऐसा पैगाम? छा जाती है सबके चेहरों पर मुस्कुराहट? कुछ ऐसा होता है उनके शब्दों का इंतजाम? सुना है एक कार्यक्रम से जब वो जल्दी लेना चाह रहे थे विदा? तब भगवा योद्धा ने शब्दों के जाल फैंक कर कहा हम नहीं होना चाहते हैं आपसे जुदा? इस प्यार पर दिया गर्ग साहब ने कमाल का जवाब? कहा हम रूकना तो चाहते हैं मगर मंच पर बैठे हुए पूर्व चेहरे हमको टकटकी लगाकर देखते हैं बेहिसाब? ऐसा लगता है जैसे वो हमको अपनी पूर्व वाली टीम का मैम्बर बनाना चाहते हों? इसलिए हम जल्दी से यहां से जाना चाहते हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा नागर को जहां मिली है 20 मंडलों पर जनसभा करने की तैयारी? वहीं इस मामले में भगवा योद्धा ने एक्टिव किया है उनका भी यारी? पता चला है 356 सेक्टर पर सौंपी गई है अमित त्यागी को संगोष्ठी कराने की तैयारी? भगवा योद्धा लेंगे एक एक सैक्टर पर हुए कार्यक्रम की रिपोर्ट? पता चला है कि तभी करेंगे वो उनको उपाध्यक्ष वाले मैटर में सपोर्ट? वो हर आयाम की संयोजकों की तैयार कर रहे हैं अलग से रिपोर्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब का हम आपको एक और मजाक वाला किस्सा बता रहे हैं श्रीमान? जब वो आये थे महानगर कार्यालय पर प्रेस कान्फ्रेंस करने तब उनका एक कार्यकर्ता ने हाथ पकड़ लिया था श्रीमान? गर्ग साहब ने यहां पर चुटकी लेकर कही थी कार्यकर्ता से बात? बोले यूं हमारा हाथ पकड़कर तुम हमको कराना चाह रहे हो हमारे सीनियर सिटीजन होने का एहसास? मैं तुमको तुम्हारी इस साजिश में कामयाब नहीं होने दूंगा? अभी तो मुझे लड़ना है अलगा भी चुनाव? गर्ग साहब की चुटकी से आ गई कई चेहरों पर मुस्कुराहट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब नदिया पार के गुर्जर चेहरे से की किसी ने कुछ बड़ा मांगने की बात? उन्होंने कहा हमें कुछ बड़ा नहीं चाहिए? मगर हमारे हैं एक बड़े ठाकुर चेहरे को लेकर जज्बात? हम यहां पर इस चेहरे की तैयार कर रहे हैं विधानसभा की जमीन? हम चाहते हैं उनके आगमन का रास्ता हो जाये बिल्कुल क्लीन? हमारा है बड़े वाले ठाकुर साहब को विधायक बनते हुए देखने का सपना? वैसे भी एक विधायक तो बन ही चुका है अपना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले पूर्व अध्यक्ष के हो गए भाजपा वाले चौधरी साहब से दो–दो हाथ? सुना है, मामला है नदिया पार का? पता चला है थाने तक पहुंच गई बात? पूर्व वाले अध्यक्ष की जहां कर रहे थे विपक्ष के पूर्व विधायक पैरवी? वहीं, भाजपा वाले के संभाल रहे थे एक विधायक हालात? फिलहाल मामला सस्पेंस है कि यहां पर पूर्व या वर्तमान वालों में से पुलिस ने मानी है किसकी बात?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया गाजियाबाद के मेधावी छात्रों को सम्मानित

### उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सम्मान समारोह किया आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार सुनील कुमार शर्मा की मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इसके उपरान्त कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार द्वारा गाजियाबाद जिले के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### सफलता का श्रेय केवल स्वयं को न दें : मंत्री सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अपने प्रयास सदैव जारी रखें, क्योंकि आपका अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। जीवन में जितने भी लोग महान बने हैं, वे अपने निरंतर प्रयास और कर्म के बल पर ही आगे बढ़े हैं — चाहे वह महात्मा गांधी हों, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम हों, प्रधानमंत्री हों या मुख्यमंत्री। उन्होंने कहा कि अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय स्वयं को न दें, क्योंकि आपकी सफलता आपके गुरु, माता–पिता, सामाजिक एवं आर्थिक परिवेश तथा राजनीतिक इच्छाशक्ति पर भी निर्भर करती है।

### संस्कृति और नैतिकता का पालन करें, तभी होगी सच्ची सफलता : मयंक गोयल

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर के भाजपा जिलाध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कहा कि यदि आपको सफल होना है तो निरंतर परिश्रम करना आवश्यक है। जीवन में जब आप सफलता प्राप्त कर लें, तो दो बातों को सदैव स्मरण रखें — 1.अपने राष्ट्र की संस्कृति और भाषा के विकास में योगदान दें। 2.अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को बनाए रखें।

बैठक में मुख्य रूप से जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा, श्री अयान जैन आईएएस( ट्रेनिंग), भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मंयक गोयल एवं जिला विद्यालय निरक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संगठन को मजबूत करने में कांग्रेस ने झोंकी ताकत सृजन बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया संकल्प




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के उददेश्य से कांग्रेस की ओर से संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सभी विधानसभा क्षेत्र में चलाया जा रहा है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के बारे में विस्तार से बताया गया। इस बैठक में पीसीसी, एआईसीसी सदस्यों के साथ-साथ फ्रंटल प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की। व कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद ने किया।

बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरेंद्र अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को बूथ और ब्लॉक स्तर पर संगठन को कैसे मजबूत किया जाए, इसके बारे में विस्तार से बताया। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अहमदाबाद अधिवेशन में संगठन को मजबूत करने पर संकल्प व्यक्त किया गया। इसके तहत प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन किया जाएगा। अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम अहमद एवं युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी ने संगठन सृजन अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया।

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथों पर काम करना पडेगा।

बैठक में अश्विनी त्यागी, पूर्व प्रदेश महासचिव/संगठन प्रभारी नरेंद्र राठी, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज कौशिक, पूर्व पार्षद नरेंद्र चौधरी, जिला यूथ उपाध्यक्ष उज्जवल गर्ग, राजीव गांधी विचार मंच प्रदेश महासचिव डॉ बाबू राम आर्य, कमलेश कुमारी एडवोकेट, वी के शिशोदिया, रत्ना पाण्डेय, सविता गोतम, पूजा मेहता, अलीमुद्दीन कशार, आसमोहमद मलिक, अनवर डासना, लज्जा यादव, सुरेन्द्र शर्मा उर्फ बबलू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साहिबाबाद में भी कार्यशाला आयोजित, जल्द कमेटियों के गठन के निर्देश

**करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने भी गुरुवार को साहिबाबाद विधानसभा में संगठन सृजन कार्यशाला का आयोजन किया। बुद्ध चौक वसुंधरा में आयोजित कार्यशाला में महानगर कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी और राजकुमार पंडित की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव और संचालन जेपी सिंह ने किया। कार्यशाला में साहिबाबाद विधानसभा, महानगर फ्रंटल और महानगर वार्डो आदि से संबंधित कमेटियां जल्द से जल्द तैयार करके कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी और राजकुमार पंडित को जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए गए। महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि एकजुट होकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। कार्यशाला में एडवोकेट चन्द्रपाल, प्रेम प्रकाश चीनी, आशीष प्रेमी, सलीम अहमद, रिंकू माथुर, गोपाल भाटी, शमशुद्दीन, गिरीश शर्मा, डॉ एल एन शर्मा, भारत गुप्ता, रवि, अदिल चौधरी, रवि शंकर सूर्या आदि शामिल रहे।

# संदीप त्यागी रसम ने नगर निगम से गाजियाबाद नाम परिवर्तन के पारित प्रस्ताव के दस्तावेज मांगे

### गुमशुदा स्थानीय निकाय के सदन - तीसरी सरकार द्वारा नाम परिवर्तन पर सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के गंतव्य की तलाश जारी : संदीप त्यागी रसम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अत्याचारियों को सम्मानित करती मानसिकता भारत छोड़ो अभियान के संयोजक संदीप त्यागी रसम द्वारा 16 अप्रैल 2025 को नगर निगम गाजियाबाद से जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत जानकारी चाही गई कि नगर निगम ने 9 जनवरी 2024 को निगम की बोर्ड बैठक में गाजियाबाद नाम परिवर्तन के पारित प्रस्ताव की प्रतिलिपि व बिंदु संख्या 3 के द्वारा पारित प्रस्ताव नगर निगम गाजियाबाद द्वारा किस दिनांक को किस विभाग को भेजा गया है यह जानकारी मांगी गई। उपरोक्त विषय पर 3 मई 2025 को भेजे गए जवाब में नगर निगम गाजियाबाद के जनसूचना अधिकारी कार्यालय ने पारित प्रस्ताव की प्रति भेजते हुए बिंदुवार जवाब देते हुए बिंदु संख्या 3 का जवाब में लिखा है कि यह --- संज्ञानित है।

अस्पष्ट जानकारी मिलने पर इसके विरुद्ध संदीप त्यागी रसम ने 6 मई 2025 के पत्र के माध्यम से नगर निगम गाजियाबाद के प्रथम अपीलीय अधिकारी जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 धारा 19[ 1 ] के अंतर्गत अपील की। जिस पर 04 जून 2025 के पत्र द्वारा व्यक्तिगत रूप से सुनवाई के लिए 12 जून दोपहर 12 : 00 बजे का समय तय किया गया।

उपरोक्त तय समय पर सामाजिक संगठन रसम के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट संदीप त्यागी रसम ने स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा व अपीलीय अधिकारी जंगबहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त के समक्ष जिले के सभी आम और खास नागरिकों की जिज्ञासा का प्रतिनिधित्व करते हुए पारित प्रस्ताव को किस दिनांक को किस विभाग को प्रेषित किया गया है इसकी जानकारी चाही गई। नगर निगम बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में गजप्रस्थ गज नगर हरनन्दी नगर दुधेश्वरनाथ नगर नाम या अन्य कोई नाम रखने का स्पष्ट शब्दों में वर्णन है। अपीलीय अधिकारी जंगबहादुर यादव ने सुनवाई करते हुए 5 दिन के अंदर गाजियाबाद नाम परिवर्तन के पारित प्रस्ताव को किस दिनांक में किस विभाग को प्रेषित किया गया यह जानकारी रसम को देने के निर्देश दिए।

# शिक्षा, ज्ञान और जानकारी सभी के लिए जरूरी : समाजसेवी अजय गुप्ता

### जिला कारागार गाजियाबाद में पुस्तकालय के लिए भेंट की धार्मिक और ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कारागार गाजियाबाद के पुस्तकालय में गुरुवार को समाजसेवी अजय गुप्ता धार्मिक और देश के महानुभावों की लिखी करीब 400 पुस्तकें भेंट कीं। इस मौके पर जेल सुपरिंटेंडेंट सीताराम, जेलर केके दीक्षित, डिप्टी जेलर अरविंद कुमार, डिप्टी जेलर बीएन पांडेय एवं डिप्टी जेलर विजय गौतम, डिप्टी जेलर शिवानी यादव, डिप्टी जेलर कुंती दोहरे मौजूद रहे। जेल सुपरिंटेंडेंट सीताराम शर्मा ने कैदियों में समाज, शिक्षा और ज्ञान के प्रति अलख जगाने पर अजय गुप्ता को बधाई और अपनी शुभकामनाएं दीं। जेल सुपरिंटेंडेंट ने कहा, भविष्य में भी समाज हित के लिए इसी तरह कार्य करते रहिए। मैं सभी महानुभावों का दिल की गहराइयों के साथ अभिनंदन करता हूं। समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा, जल्द ही इस साल इंटर और हाई स्कूल में पास हुए कैदियों का मान–सम्मान भी किया जाएगा।

# वार्ड 61 में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के किया पौधरोपण




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वसुंधरा वार्ड 61 के आदर्श पार्क में गुरुवार की सुबह पौधरोपण किया। पौधरोपण के बाद उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत मां प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के भाव से अदर्श पार्क में एक पौधा लगाया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सभी को इस अभियान में शामिल होने और हरित भविष्य की दिशा में सार्थक कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र एक मिशनः प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' के आह्वान के साथ, हम सभी प्लास्टिक कचरे को कम करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लें। वही पार्क में लोगों से मुलाकात कर जन समस्याएं सुनीं और सुझाव लिए, ओर विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनसंवाद ही जनसेवा की असली ताकत है। पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने बताया कि आदर्श पार्क के दोनों गेट, नए व पार्क के पास का नाला गेट के पास टाइल्स के काम का टेंडर की प्रक्रिया चल रही है, वही 21 जून को योग दिवस पर बड़ा कार्यक्रम भी होने जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी मंडल आध्यक्ष विनित त्यागी, पार्षद नरेश भाटी, सुधीर गर्ग पुनिस त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू का पुलिस चौकी पर प्रदर्शन

### मोबाइल चोरी की शिकायत पर दरोगा ने की अभद्रता, सैकड़ों किसान धरने पर बैठे



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ताओं ने सौंदा पुलिस चौकी का घेराव किया। यह विरोध प्रदर्शन एक दरोगा द्वारा कथित रूप से की गई अभद्रता के खिलाफ किया गया। घटना भाकियू भानू के युवा विंग के जिला प्रभारी इरफान के साथ हुई। उनका मोबाइल चोरी हो गया था। वह इसकी शिकायत दर्ज कराने निवाड़ी थाने की सौंदा चौकी पहुंचे। आरोप है कि चौकी में तैनात एक दरोगा ने इरफान के साथ न केवल अभद्रता की बल्कि धक्का-मुक्की भी की। दरोगा डंडा लेकर उनके पीछे भी भागा। इस घटना की जानकारी मिलते ही भाकियू भानू के सैकड़ों कार्यकर्ता चौकी पर एकत्र हो गए। कार्यकताओं का कहना है कि पुलिस कमिशनर ने हाल ही में पुलिसकर्मियों को पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया था। लेकिन यहां इसके विपरीत व्यवहार किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चौकी प्रभारी और दोषी दरोगा को तत्काल लाइन हाजिर करने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कार्रवाई होने तक धरना जारी रखने की घोषणा की है। प्रदर्शन में विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी, गौरव, दुष्यंत त्यागी, दीपक त्यागी, सोनू कुमार, बबलू अमजद सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यह नन्हे कान्हा नित्विक को बचपन का सबसे अनमोल उपहार है, यह दादा दादी का प्यार है। यह परिवार है यह संस्कार है। नन्हें कान्हा नित्विक आज 3 वर्ष का हो गया। दादा वीरेंद्र सारस्वत और दादी रेनू सारस्वत के हर्ष की कोई सीमा नहीं है। दादा दादी ने अपने लाडले पौत्र कान्हा को ढेर सारा प्यार किया। उसके लिए जीवन की हर खुशी की कामना की। दादा–दादी ने अपनी इस खुशी को सोशल मीडिया पर साझा किया। परिवार के संस्कार दादा–दादी के प्यार और आशीर्वाद को अपने आप में समेटे संस्कारों का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।